# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 30 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण 15- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 84 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2'को सीबीएफसी से यू/ए प्रमाणपत्र मिला ◀◀ 6







# पलामू के दोकरा क्रशर माइंस पर अपराधियों ने की सात राउंड फायरिंग, पांच गिरफ्तार

## घटना में छह अपराधी थे शामिल, हथियार बरामद

मेट्रो रेज



**पलामू :** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में स्थित दोकरा क्रशर माइंस पर अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात सात राउंड फायरिंग की है। जहां पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है वह अशोक धानुका का बताया जाता है। वह रांची के रहने वाले हैं। उनका क्रशर पंचमुखी कोल माइंस एंड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से है। पुलिस ने घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पुलिस को तीन खोखा समेत अन्य हथियार मिले हैं।

कैसे दिया घटना को अंजामः जानकारी के अनुसार छह अपराधी शुक्रवार की रात 11 बजे तीन बाइक पर सवार होकर पलामू के दोकरा क्रशर में आए थे। अपराधियों ने बाइक को घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर अंधेरा में खड़ा कर दिया और वे पैदल ही क्रशर के अंदर घुस गये। सभी अपने मुंह को कपड़े ढके हुए थे और सिर पर टोपी पहने हुए थे। क्रेशर में घुसने के बाद वे सभी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिस समय अपराधी क्रशर के अंदर घुसे, उस वक्त वहां काम करने वाले तीन कर्मचारी खाना खा रहे थे। जैसे ही उन लोगों ने अपराधियों को अंदर घुसते देखा वे वहां से भाग खड़े हुए।

क्रशर में काम करने वाले अपराधियों ने कर्मचारियों के साथ की मारपीटः क्रशर में काम करने वाले अपराधियों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद एक कर्मचारी को अपराधी पकड़कर अपने साथ ले जाने लगे लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला। संभावना व्यक्त की जा रही है कि रंगदारी के लिए ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत क्रेशर में पहुंची और सभी को कर्मचारियों को बुलाकर को बुलाकर काम शुरू करवाया।

### घर में घुसकर व्यक्ति की हत्या

**हजारीबाग :** जिले से सनसनीखेज खबर आ रही है, जहां बेखौफ अपराधियों ने देर रात घर में घुसकर एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान प्रकाश ठाकुर के रूप में की गई है। हत्याकांड को अंजाम बड़कागांव के चेपाकला प्रखंड स्थित प्रकाश ठाकुर के घर में दिया गया है। घर में घुसकर गोली मारने की घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं, सूचना पाकर डाडीकला पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और हत्याकांड की तहकीकात कर रही है।

**क्या है मामलाः** पुलिस से मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार, बीती रात छत के सहारे अपराधी घर में घुस आये और सोई हुई अवस्था में ही प्रताप के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मामले में कई बिंदुओं पर तहकीकात कर रही है। वहीं, घर के अलावा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। साथ ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक, सपा नेताओं को भी जाने से रोका



**संभल :** जिले में बीते 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हिंसा का मामला सामने आया था। इसके बाद से जिले में बाहरी लोगों की एंट्री को रोक दिया गया है। जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर अब 10 दिसंबर तक रोक लगा दी है। जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेसीया ने कहा, कोई भी बाहरी व्यक्ति, कोई सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि जनपद की सीमा में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना 10 दिसंबर तक प्रवेश नहीं करेगा।

दरअसल, समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा के बाद बीते कई दिनों से संभल जाने के प्रयास में है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी कहा, ह्यह्यसंभल में हुई हिंसा की जांच के लिए बनाए गए सपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं के घरों पर सरकार द्वारा पुलिस तैनात कर उन्हें संभल जाने से रोकने की घटना घोर निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक है। भाजपा सरकार संभल हिंसा का सच छिपा रही है। सपा प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने की अनुमति मिले।

कांग्रेस ने भी संभल जाने की बात कहीः कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि संभल मामले की जानकारी हासिल करने के लिए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल दो दिसंबर को वहां जाएगा। इस बीच, माता प्रसाद पांडेय ने लखनऊ में अपने आवास के बाहर कहा, गृह सचिव संजय प्रसाद ने मुझे फोन कर संभल नहीं जाने का अनुरोध किया था। संभल के जिला मजिस्ट्रेट ने भी मुझे फोन कर बताया कि जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक 10 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है, इसलिए मैं अब पार्टी कार्यालय जाऊंगा और इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा।

सर्वे को लेकर हुई हिंसाःबता दें कि संभल में कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद का पहली बार सर्वे किया गया था। इसके बाद से ही इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं 24 नवंबर को दोबारा सर्वे करने के दौरान मस्जिद के बाद हिंसा भड़क गई थी, जिसमें पत्थरबाजी भी हुई और चार लोगों की मौत भी हो गई थी जबकि 25 लोग घायल हो गए। बता दें कि कोर्ट ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया था, जिसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था।

# चक्रवात फेंगल को लेकर रेड अलर्ट, आईएमडी ने जारी की एडवाइजरी

## लैंड स्लाइड की आशंका के बीच स्कूल-कॉलेज बंद



**नई दिल्ली :** चक्रवात फेंगल के निकट आने से तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में समुद्र में उथल-पुथल और तेज हवाएं चल रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार चक्रवात फेंगल के आज शाम तक तमिलनाडु तट के साथ-साथ पुडुचेरी के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र शुक्रवार दोपहर को चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया।

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी वर्षा, तेज हवाएं और बाढ़ आने की आशंका है। अधिकारियों ने निचले और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। पूरे तमिलनाडु में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसी बीच आईएमडी ने तमिलनाडु के मछुआरों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे 30 नवंबर तक समुद्र में जाने से बचने का आग्रह किया गया है।

चक्रवाती तूफान फेंगल के शनिवार दोपहर पुडुचेरी के निकट पहुंचने की संभावना के मद्देनजर निवासियों से घरों के अंदर रहने को कहा गया है। यहां सभी स्कूल और कॉलेज शनिवार को बंद रहेंगे। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवाती तूफान के पुडुचेरी के निकट पहुंचने की संभावना है और हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार, चक्रवाती तूफान फेंगल चेन्नई से लगभग 210 किमी दक्षिण-पूर्व में अक्षांश 11।8 डिग्री उत्तर और देशांतर 81।7 डिग्री पूर्व के पास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में है। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 30 नवंबर की दोपहर के दौरान चक्रवाती तूफान के रूप में पुडुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करेगा। हवा की गति 70-80 किमी प्रति घंटे से लेकर 90 किमी प्रति घंटे तक होगी।

आईएमडी के चक्रवात प्रभाग के प्रमुख आनंद दास ने कहा कि तमिलनाडु, दक्षिणी आंध्र प्रदेश, केरल और आंतरिक कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से अति भारी वर्षा के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## 200 लोगों को ले जा रही नाव पलटी, 27 की मौत, 100 से अधिक लापता



**अबुजा :** नाइजीरिया के उत्तरी हिस्से में नाइजर नदी में शुक्रवार को एक नाव डूबने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। अधिकारियों के मुताबिक, नाव में लगभग 200 यात्री सवार थे जो कोगी राज्य से पड़ोसी राज्य नाइजर जा रहे थे। नाइजर राज्य आपातकालीन सेवाओं की प्रवक्ता सैंड्रा मूसा के अनुसार, बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक नदी से 27 शवों को निकाल लिया है। स्थानीय गोताखोर अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। हालांकि हादसे का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। नाइजीरिया के दूरदराज इलाकों में नावों का इस्तेमाल यात्रा का प्रमुख साधन है, लेकिन अक्सर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के संचालन के प्रभारी जस्टिन उवाजुरुओनी के अनुसार, बचाव दल को नाव के ठीक ठिकाने का पता लगाने में काफी मुश्किल हुई। नाइजीरिया में नाव हादसे आम हैं। अधिकांश हादसे क्षमता से अधिक लोगों को ले जाने, नावों की खराब स्थिति और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण होते हैं। अक्सर लोग यात्रा के दौरान लाइफ जैकेट का इस्तेमाल नहीं करते हैं।




## आइसक्रीम का खौफ, खाते ही 3 बच्चियों की हुई मौत, इलाके में मचा हड़कंप

**सूरतः** गुजरात के सूरत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। पालीगाम इलाके में रहने वाली तीन बच्चियों की आइसक्रीम खाने के बाद मौत हो गई है। मृतकों में 12 साल की दुर्गा कुमारी, 14 साल की अमिता महंतो और 8 साल की अनिता कुमारी महंतो शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, बच्चियों ने आइसक्रीम खाने के तुरंत बाद उल्टी करना शुरू कर दिया था। उनकी हालत बिगड़ती देख परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, बच्चियों की मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि बच्चियों की मौत आइसक्रीम खाने से हुई है या किसी अन्य कारण से। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आइसक्रीम के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आइसक्रीम कहां से खरीदी गई थी और उसकी गुणवत्ता क्या थी। तीन मासूम बच्चियों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग इस घटना से बेहद दुखी हैं और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अमेरिकी अध्ययन ने बढ़ाई टेंशन, 8 घंटे से ज्यादा समय तक बैठना दिल के लिए खतरनाक



**नई दिल्ली :** आजकल ज्यादा देर तक बैठने की आदत एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। एक नए अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में हर चार में से एक व्यक्ति हर दिन 8 घंटे से ज्यादा समय तक बैठता है। लेकिन एक नया शोध बताता है कि अगर आप हर दिन 10 घंटे से ज्यादा बैठते हैं, तो आपको इसे कम करने की कोशिश करनी चाहिए।

हाल ही में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के जर्नल में प्रकाशित और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के 2024 वैज्ञानिक सत्र में प्रस्तुत एक अध्ययन ने यह खुलासा किया कि यदि आप हर दिन 10।6 घंटे से ज्यादा समय तक बैठते हैं, लेटते हैं या आराम करते हैं, तो यह दिल की विफलता और हृदय रोग से मौत के खतरे को बढ़ा सकता है। यहां तक कि उन लोगों के लिए भी जो नियमित रूप से व्यायाम करते हैं।

इस अध्ययन में मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यूके बायो बैंक के 89,530 प्रतिभागियों के डेटा का विश्लेषण किया। अध्ययन में शामिल लोगों के दैनिक गतिविधियों को ट्रैक किया गया, जिसके बाद यह पता चला कि लोग किस समय तक बैठने, लेटने या आराम करने की स्थिति में थे। इसके अलावा, यह भी ट्रैक किया गया कि कितने लोग उच्च शारीरिक गतिविधि में लगे थे। अध्ययन में यह भी देखा गया कि अधिकतम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि हर सप्ताह दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है।

आठ साल तक किए गए इस अनुसंधान के बाद, यह स्पष्ट हुआ कि जो लोग हर दिन 10।6 घंटे या उससे अधिक समय तक बैठते हैं, लेटते हैं या आराम करते हैं, उनके दिल की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अध्ययन में यह पाया गया कि जिन लोगों ने 10.6 घंटे या उससे ज्यादा समय तक बैठने की आदत डाली थी, उन्हें दिल का दौरा और हृदय रोग से मौत का खतरा 40% अधिक था। इन लोगों को 54% अधिक हृदय संबंधी मृत्यु का खतरा था।

अध्ययन के सह-लेखक और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ। शान खुर्शीद बताते हैं कि हमारे निष्कर्ष यह दशार्ते हैं कि अगर आप हर दिन 10.6 घंटे से अधिक समय तक बैठे रहते हैं, तो यह दिल के लिए खतरनाक हो सकता है, चाहें आप शारीरिक रूप से सक्रिय क्यों न हों। अध्ययन में यह भी बताया गया कि जिन लोगों ने शारीरिक गतिविधि में हिस्सा लिया था, उनके लिए लंबे समय तक बैठने के नकारात्मक प्रभाव कुछ हद तक कम हो गए थे, लेकिन फिर भी जो लोग 10.6 घंटे से अधिक बैठते थे, उनका हृदय रोग और हृदयाघात का खतरा बढ़ा हुआ था।

जिन लोगों ने सप्ताह में 150 मिनट से ज्यादा का शारीरिक श्रम किया, उन्हें भी हृदयाघात का खतरा 15 फीसदी अधिक था, और हृदय रोग से मरने का जोखिम 33% बढ़ गया था। बेहतर यही है कि हम अपने दिनचर्या में कुछ आसान बदलाव करके इस समस्या से बच सकते हैं। अगर आप हर दिन अपने बैठने के समय को थोड़ा कम करें, तो आप अपने दिल का ख्याल रख सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**रांचीः** राजधानी रांची के सुकुरहुट्टू बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एक निःशुल्क एनीमिया (खून की कमी) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 136 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ। रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ। प्रीती तिग्गा; डॉ। अनीता होरो; डॉ। अम्बरीष कुमार; डॉ। प्रियंका झा; डॉ। शिखा; डॉ। पायल; डॉ। शिल्पी झा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### जनता के हित में संघर्ष जारी रहेगा : देवेंद्रनाथ महतो



**मुरीः** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में सोनाहातु सतीघाट में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी समीक्षा की गयी। इस चुनावी समीक्षा में देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि आने वाले समय में हम जनता के हित के लिए संघर्ष करते रहेंगे। जमीनी स्तर पर संगठन आत्मक सुधार किया जाएगा। सभी त्रुटियों सुधारा जाएगा।

### मांडर में ग्रामीण की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रांचीः** मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा निवासी 56 वर्षीय एरेनियुस टोप्पो की शुक्रवार को अज्ञात लोगों द्वारा रड से मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस संबंध में उसकी पत्नी मैक्सिमा कुजूर ने मांडर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार वह सुबह लगभग 6 बजे बैल को बांधने के लिए अपने खेत की ओर ले गया थे। 6:45 बजे उसने अपनी पत्नी मैक्सिमा के मोबइल पर फोन किया कि बारी का चाभी तुम्हारे स्कूटी के सीट पर छोड़ दिया हूं नेहा से भिजवा दो। तब वह अपनी नतनी नेहा सुरीन को चाभी देकर साईकिल से भेजी। वह वहां पहुंचने ही वाली थी कि इसी क्रम में नेहा को आते देख वहां खड़ा एक व्यक्ति भागने लगा। कुहासा होने के कारण वह उसे पहचान नहीं सकी। मामले को लेकर पुलिस पूरी तरह से गंभीर है। थाना प्रभारी द्वारा खोजी कुत्ता भी मंगाया गया। छानबीन जारी की जा रही है।

### कुएं में डूबने से छात्र की मौत

**रांचीः** चान्हो प्रखंड पतरातू स्थित एलए गार्डन स्कूल कैम्पस के समीप शुक्रवार सुबह 8:30 बजे कक्षा दो के छात्र अमनदीप कुमार के कुएं में डूबने से मौत हो गई।।प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरातू निवासी रवि कुमार के दस वर्षीय पुत्र अमनदीप अपने स्कूल एलए गार्डन सुबह के 8:30 पहुंच गया था। स्कूल की टाइमिंग सुबह 8:45 से शुरू होती है। स्कूल का टाइम शुरू नहीं होने के कारण कुछ बच्चे स्कूल कैंपस के अंदर थे। जबकि अमनदीप कैंपस के बाहर खेल रहा था। बच्चों का कहना है कि खेलने के दौरान ही वह स्कूल कैंपस से थोड़ी दूर स्थित एक कुएं में फिसल कर गिर गया। उसे गिरता देख बच्चों ने शोर मचाया तो शोर सुनते ही ग्रामीण पहुंचे और उसे कुएं से बाहर निकाला गया। आनन फानन मे ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जा रहे थे, पर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल था। अमनदीप दो भाइयों में छोटा था।

### झालसा ने जरुरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**रांचीः** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश राजधानी में बढ़ती ठंड को देखते हुए शुक्रवार को रांची रेलवे स्टेशन पर कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा के निर्देश पर पूर्व में भी कंबल का वितरण किया गया है और आगे भी किया जायेगा। समय-समय पर गरीबों के बीच खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जायेगी। उप-सचिव, झालसा अभिषेक कुमार ने कहा कि हमलोग आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी रहेंगे। समय-समय पर आकर आपलोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जायेगा। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से कंबल वितरण किया जा रहा है, आगे भी किया जायेगा। ऐसे लोगों से आग्रह किया जायेगा कि रात्रि के समय आश्रयगृह में ही अपनी रात बितायें। डालसा सचिव ने कहा कि जिनका अपना आश्रय नहीं हैं, वैसे लोगों को चिन्हित कर आश्रयगृह वह रैनबसेरा में रहने की व्यवस्था करायी जायेगी। एक दिन पूर्व वृद्ध आश्रम एवं आश्रम अपना घर में वृद्धों के बीच कंबल व खाद्य सामग्री बांटी गई। इसमें रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अहम भूमिका रही।

उपायुक्त मंजु नाथ भजंत्री ने दिया आदेश

# रांची समाहरणालय के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी पहनेंगे आईडी कार्ड

मेट्रो रेज

**रांचीः** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि किसी भी स्थिति में आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार नहीं होना चाहिए। आम नागरिक समस्या लेकर आएं तो संवेदनशीलता के साथ उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीसी ने कहा कि कार्यालय प्रधान यह सुनिश्चित करें कि यदि कोई समस्या लेकर आएं तो उन्हें सही तरीके से जानकारी उपलब्ध कराएं कि उनकी समस्या किस विभाग से संबद्ध है और उसका समाधान किस प्रकार से होगा।



**अपने आई कार्ड को ऑन डिस्प्ले रखें सभी पदाधिकारी व कर्मचारीः** डीसी ने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए समाहरणालय में सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी नाम एवं पदनाम से युक्त आइडेंटिटी कार्ड को धारण करेंगे। कार्यालय आने वाले लोगों को अधिकारी के नाम एवं विभाग का पता चल सके इसलिए कार्ड हमेशा ऑन डिस्पले रखें। डीसी ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने टेबल पर नाम एवं पदनाम का प्लेट रखना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक कार्यालय प्रधान, लिपिक एवं अकाउंटेंट तथा सभी कर्मी अपने कार्यालय टेबल पर नाम एवं पदनाम का नेमप्लेट रखना सुनिश्चित करेंगे।

**लोगों की समस्याएं दर्ज करने के लिए व्हाट्सएप नंबरः** डीसी मंजुना ने जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आम नागरिकों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित हो इसके लिए जिला का एक व्हाट्सएप नंबर जारी करना सुनिश्चित करें। लोगों की समस्याएं 24 * 7 सुनने के लिए पालीवार प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश भी उपायुक्त के द्वारा दिया गया।

**मंईयां सम्मान योजना पर फोकस :** डीसी ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए योजना का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विभाग में किसी भी पदाधिकारी या कर्मी द्वारा आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार ना किया जाए। सभी अपने कार्य स्थल पर समय से पहुंचे और छुट्टी पूर्व में ही स्वीकृत कराके अवकाश पर जाएं। बैठक में डीडीसी, एसडीओ सदर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, सब रजिस्ट्रार रांची सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

जेएमएम ने निकाला आभार यात्रा

## हमारे कामों से आपको शर्मिंदगी महसूस नहीं होगीः अमित महतो



**मुरीः** सिल्ली विधानसभा से अमित महतो के जीतने पर जेएमएम द्वारा आभार यात्रा निकाली गई। शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, अमित महतो, सीमा देवी जिन्दाबाद के नारे से पूरा मुरी गूंज उठा। मुरी रेलवे चौक पर जीत की खुशी में शानदार आतिशबाजी की गई। आभार यात्रा गोला रोड, सिंगपुर, बाजार पांडा मुरी तक आकर सभा में तब्दील हो कर समाप्त हुआ।सभा को सम्बोधित करते हुए अमित महतो ने कहा कि हमारे कामों से आपको शर्मिंदगी नहीं उठानी पड़ेगी और आपको मुझ पर गर्व होगा। थाना, ब्लॉक में सभी सिस्टम को अपडेट किया जाएगा ,पेंडिंग पड़े काम को पुरा किया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक सीमा महतो ने कहा की पहले भी हमने जनता के लिए काम किया था और आगे भी जनता के लिए काम करूंगी। आभार यात्रा में जिला परिषद लक्ष्मी देवी,असरफ अली,नौसाद, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ईसाई समुदाय के कमीशन सदस्यों की बैठक संपन्न

**रांचीः** आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने गरीबों के उत्थान और जेल में बंद निर्दोष लोगों की न्याय को लेकर ईसाई समुदाय के विभिन्न कमीशन के सदस्यों ने शुक्रवार को बैठक किया। यह बैठक पुरूलिया रोड स्थित सामाजिक विकास केंद्र में हुआ। बैठक में लोगों के हितों पर काम करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा लोगों के जीवन को सामाजिक, आर्थिक, अध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से आसान बनाने पर आह्वान किया गया। इसके साथ ही साथ दैनिक जीवन में उभरने वाली समस्या को समाधान करने के लिए एक दूसरे का साथ देने पर सहमति बनाई गई।



वहीं कमीशन में प्रवासी कमीशन, पर्यावरण कमीशन, प्रिजन मिनिस्टरी, धर्मविधि कमीशन, महिला कमीशन, फैमिली कमीशन व स्वास्थ्य कमीशन को शामिल किया गया। बैठक में फादर आनंद डेविड खलखो, फादर मनोज वेगातनम, प्रोविंशियल, फादर सेबेस्टियन तिर्की, फादर थिओदोर, टोप्पो, फादर प्रदीप कुमार तिर्की, फादर प्रफुल तिग्गा, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर विंसेंट मिंज, फादर वीरेंद्र खलखो, फादर असीम मिंज समेत अन्य मौजूद थे।

मंगल मुंडा की मौत का मामला

## रिम्स प्रबंधन व डॉक्टरों पर कार्रवाई करे सरकार



**रांचीः** जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोता मंगल मुंडा की असमय हुई मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि धरती आबा का परपोता मंगल मुंडा 25 नवंबर सोमवार की रात 10 बजे से मंगलवार की सुबह 08 बजे तक रिम्स के बाहर एम्बुलेंस पर ही तड़पते रहे लेकिन उन्हें एडमिट नहीं किया गया। जबकि भर्ती कराने हेतु उनके भाई जंगल सिंह मुंडा ने पर्ची भी कटाया था इसके बावजूद बेड नहीं खाली होने का बहाना बना कर उन्हे जबरदस्ती एम्बुलेंस के पार्किंग में रात भर रहने को विवश किया जाना झारखंडी एंव बिरसा मुण्डा के समर्थको के लिए पीड़ादायक है। मंच इसकी निन्दा करता है ।

श्री नायक ने आगे कहा है कि इस घटना की जांच अविलंब झारखण्ड के मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव, रांची उपायुक्त के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय कमिटि का गठन कर दोषी डॉक्टरों पर कारवाई किया जाय और उनके लाइसेंस को रद्द किया जाये। ' यह काफी शर्म की बात है कि राज्य के अबुवा सरकार में अबुवा दिशुम अबुआ राज के नारा को बुलन्द करने वाले महान स्वतंत्रता अमर सेनानी बिरसा मुण्डा के परपोते का इलाज मे के अभाव में मर जाना।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगाः** लिंग आधारित हिंसा समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर) के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय, प्रखंड/ जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपरोक्त विषय पर आज 30 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला में शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, डालसा, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी/ कर्मी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/ सदस्य, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

कार्यशाला में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पीड़िता अगर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें तो इसकी मदद से कई सारी समस्याओं से बचा जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना चाहिए। किसी महिला को किसी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है तो हेल्पलाइन की मदद से उसे सहायता मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम इसका प्रचारित किया जाना चाहिए। सभी कार्यक्रमों की डॉक्युमेंटेशन की जानी चाहिए। लोगों के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिंसा उन्मूलन के लिए कार्यक्रम करें और उन्हें जोडें। उनका फीडबैक लें।



**02 से 09 दिसंबर तक जागरूकता कार्यक्रमः** आज के कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी प्रतिभागी 2 से 9 दिसंबर तक जिले के सभी प्रखंडों एवं सभी उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र का आयोजन करेंगे जिसके लिए अलग से दिशा निर्देश जारी किए गये है। कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ धवानी फाउंडेशन की रेशमा कुमारी एवं अधिवक्ता प्रियंवदा कुमारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए कुछ विशेष अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जो इस प्रकार हैः-

- कार्यस्थल पर पोक्सो एक्ट, बाल विवाह एक्ट, महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 उद्देश्य- इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीडन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है।

- सी बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की शिकायत सी बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है इस पोर्टल को लॉन्च करने के पीछे सरकार का उद्देश्य सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में यौन उत्पीडन की शिकायत की रिपोर्टिंग और उन कर तत्काल एक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ करना है ऑनलाइन शिकायत लिंक के माध्यम से की जा सकती है।

-बच्चों को अश्लील उद्देश्यों/पोर्नोग्राफी के लिए इस्तेमाल करने पर धारा 13 में 5 साल की कैद और धारा 14(1) में बाद में अपराध करने पर 7 साल की कैद और जुमार्ना का प्रावधान है।

-घरेलु हिंसा से सुरक्षा अधिनियम, 2005- किसी पुरुष या उस के रिश्तेदार द्वारा महिला, जो की उसके रिश्ते में थी या है। को शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक या आर्थिक नुकसान या चोट पहुचाना या पहुचाने की चेष्टा करना घरेलु हिंसा के अंतर्गत आता है।

रांची विवि के आइक्यूएसी और जियोलॉजी विभाग में स्पेशल लेक्चर

# नवाचार और प्रगति की रीढ़ है अनुसंधानः कुलपति

मेट्रो रेज

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और जियोलॉजी विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को स्पेशल लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि अनुसंधान नवाचार और प्रगति की रीढ़ है, जो विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि और विकास को आगे बढ़ता है। अनुसंधान स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक मुद्दों सहित समाज के सामने आने वाली जटिल चुनौतियों के समाधान के लिए आवश्यक है। उन्होंने शोधकताओं को पारंपरिक शैक्षणिक सीमाओ से परे सोचने, नवीन समाधान और



उद्यमशीलता के अवसरों की खोज करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें वैज्ञानिक डॉ सुनील केआर राघव और डॉ पुनीत प्रसाद ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आइक्यूएसी के सभी सदस्य व विभाग के शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।

**रांची विवि के अर्थशास्त्र विभाग में व्याख्यानः** रांची विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में जीएसटी : ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया टैक्सेशन लैंडस्कैप विषय पर व्याख्यान का आयोजन विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में टेडेक्स कांके के चीफ आगेर्नाइजर राजीव गुप्ता शामिल हुए। उन्होंने जीएसटी के विभिन्न मुद्दों एवं तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार से छात्रों को समझाया। इसके अलावा जीएसटी द्वारा सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में किस तरह से परिवर्तन हुआ है, इसका विश्लेषणात्मक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए शोधार्थियों को बताया कि कैसे जीएसटी एवं इससे संबंधित समस्या एवं समाधान को अपने अनुसंधान के रूप में लें। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति प्रकाश, प्रोफेसर विनिता रानी एक्का, नीलू कुमारी, नीतेश राज सहित अन्य मौजूद थे।

# एनएसजी की टीम ने किया नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास थंडरबोल्ट का आयोजन



मेट्रो रेज

**रांची :** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने रांची में 27 से 30 नवंबर तक नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास का आयोजन किया। रांची के बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में यह अभ्यास किया गया। अभ्यास में नक्सलियों द्वारा अपनाई जा रही नवीनतम कार्यप्रणाली को शामिल करते हुए विभिन्न परिदृश्यों की जानकारी प्राप्त की गयी।

अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगानाः इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगाना और मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था। इस अभ्यास में झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी विशेष बल झारखंड जगुआर, आतंकवाद विरोधी दस्ता और केंद्रीय सुरक्षा बल शामिल हुए। जबकि एनएसजी ने अंतिम प्रतिक्रिया बल के रूप में कार्य किया। इस अभ्यास में तुरंत आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच नक्सल विरोधी अभियानों में अंतर-संचालन के महत्व को रेखांकित किया गया।

जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों पर आधारित अभ्यास : इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियान, बंधकों को छुड़ाना, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाना, जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों पर आधारित था। एनएसजी ने इस बात पर जोर दिया कि ये अभ्यास न केवल तैयारी को बढ़ाते हैं बल्कि संकट के दौरान तुरंत कार्रवाई करने के लिए सक्षम बनाते हैं। अभ्यास से पहले, एसपी एटीएस कार्यालय में एनएसजी द्वारा नक्सल विरोधी जंगल अभियानों के संचालन में प्रयुक्त हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अभ्यास ने एनएसजी, झारखंड जगुआर और आतंकवाद विरोधी दस्ता द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और उनका अभ्यास करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास से नक्सलियों द्वारा शुरू की गयी आपात स्थितियों का अधिक प्रभावी ढंग से जवाब देने और संकट के समय जनता की रक्षा करने के लिए एनएसजी और स्थानीय प्रशासन की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## विधानसभा चुनाव में तेली समाज की भूमिका पर डाला गया प्रकाश



मेट्रो रेज

**रांची :** अखिल भारतीय तेली महासभा ने अरगोड़ा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संगठन के उपाध्यक्ष इंजीनियर विजय साहू मनोज महतो देवानंद साहू ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। विधानसभा चुनाव में तेली समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। तेली समाज इस बार फिर से वैसे राजनीतिक दलों को पठकनी देने और सत्ता से दूर रखने का कार्य किया जो तेली समाज को अपना वोट बैंक और बंधुआ मजदूर समझते थे पिछला विधानसभा चुनाव और इस बार का लोकसभा चुनाव और हाल में हुए विधानसभा चुनाव में तेली समाज ने मजबूती से एक तरफ मत डाला और बता दिया के तेली समाज के बिना कोई भी राजनीतिक दल सरकार नहीं बना सकता तेली समाज 30 वर्षों से भाजपा को अपना वोट देते आ रहा है पर भाजपा ने कभी तेली समाज के कार्यकताओं का सम्मान नहीं दिया यही स्थिति रही तो भाजपा का झंडा पकड़ने वाला कोई भी नहीं मिलेगा। हमारा एक ही नारा है और मांग है हमें भीख नहीं भागीदारी चाहिए आबादी के अनुपात हिस्सेदारी चाहिए। छोटानागपुर तेली समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना 7 जिलों का आरक्षण रोस्टर में सुधार कराना ओबीसी के आरक्षण को 14% से बढ़ा कर 32% करना परिसीमन कर 81 से 160 विधानसभा का सीट कराना।

आने वाले दिनों में तेली समाज भी अपनी राजनीतिक पार्टी बनाएगी और चुनाव लड़ेगी तेली समाज का वोट 95% भाजपा को देती आ रही है विगत 20 वर्षों से भाजपा ने संगठन में तथा बोर्ड निगम में लोकसभा राज्यसभा ओर विधानसभा चुनाव में हमेशा यहां के तेली समाज को दरकिनार किया गया। जिसका खामिया जाए दो विधानसभा चुनाव और इस बार का लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। झामुमो के साथ गठबंधन करने वाले संगठन भी अगर तेली समाज और ओबीसी समाज के लोगों को बोर्ड निगम राजसभा लोकसभा चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित नहीं करते हैं

## संत मरिया महागिरजाघर चर्च में नोविना पर्व शुरू



,मेट्रो रेज

**रांचीः** पुरूलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर चर्च में शुक्रवार से नोविना पर्व शुरू किया गया। इस पर्व में नौ दिनों तक गिरजाघर में प्रार्थना होगी, जो 29 नवम्बर से लेकर सात दिसम्बर तक चलेगी। इसमें माता मरियम के जीवन, व्यक्तित्व, जीवनचर्या, गुण व समय पर मनन चिंतन होगा। गिरजाधर के पुरोहित आनंद डेविड खलखो ने संक्रामेंत विशेष विनती की। इसमे रांची पल्ली के पथलकुदुवा, बैंक डेरा, बढ़ीह टोला, कुम्हार टोली व कोनका सिरमटोली के विश्वासी शामिल हुए।

इस अवसर पर विश्वासियों को संदेश देते हुए कहा कि जब दुनिया में पाप बढ़ने लगा, तब ईश्वर ने इस दुनिया में यीशु को जन्म दिया। इन्होंने पाप से बचने के लिए लोगों को परमेश्वर का संदेश सुनाया। बता दें कि नोविना पर्व संदेश देने वालों में पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, जार्ज मिंज, प्रफुल टोप्पो, दिपक बाड़ा, निलम तिडु, गुलशन मिंज, एजेकेएल टोप्पो, डिकन निरज कंडुलना व सुशिल बेग शामिल हैं।

## सब जूनियर बालक और बालिका सेपकटकरा चयन ट्रायल का होगा आयोजन

**रांचीः** एक दिसंबर को जयपाल सिंह स्टेडियम रांची में प्रातः 8:00 बजे से सब जूनियर बालक-बालिका सेपकटकरा सलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया है। इस चयन ट्रायल में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के बेहतरीन खिलाड़ी भाग लेंगे। इस ट्रायल के आधार चयनित खिलाडी आगामी नेशनल सब जूनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव उदय साहू ने बताया कि यह चयन ट्रायल अमरेंद्र दत्त द्विवेदी को देखरेख में आयोजित होगा।

## डिफरेंटली एब्लड चैंपियंस ट्रॉफी इंडिया ए टीम में विकास यादव का चयन

### झारखंड दिव्यांग क्रिकेट के लिए गौरव का दिन

**रांची :** डिफरेंटली क्रिकेट कौंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक राजस्थान की राजधानी जयपुर में चैंपियन ट्रॉफी कराया जा रहा है। जिसमें कुल चार टीम में बनाई गई है इंडिया ए इंडिया,बी,इंडिया सी,इंडिया डी, इस चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए झारखंड से विकास यादव का चयन इंडिया ए टीम में किया गया है। यह चयन नेशनल टूनार्मेंट मैं खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



विकास यादव के चैंपियंस ट्रॉफी के राष्ट्रीय टीम इंडिया ए में चयन होने पर राष्ट्रीय सचिव रवि चौहान, कोडरमा विधायक नीरा यादव,कोडरमा के सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी,झारखंड क्रिकेट स्टेशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अर्चित आनंद,जगदीश सिंह जग्गू, सरफे आलम, वारिस कुरैशी, सचिव आफताब आलम, प्रभारी राकेश गुप्ता, को ऑर्डिनेटर हेड उत्पल मजूमदार, जिला अध्यक्षों,जाहिद अंसारी, कलाम अंसारी, तबरेज अंसारी,भोला पासवान, मनीष कुमार कप्तान झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम ने विकास यादव को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

**रांचीः** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 170 आर्मर पुलिसकर्मियों की अंतिम वरीयता सूची जारी की है। डीजीपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, जिन पुलिसकर्मियों की वरीयता सूची जारी की गयी है, उसमें 127 हवलदा,र 38 जमादार और पांच सूबेदार शामिल है। गौरतलब है कि 29 अगस्त को विभिन्न जिला, वाहिनी व इकाई के आर्मर पदाधिकारियों से प्राप्त आपत्ति आवेदन के निराकरण के लिए वरीयता आपत्ति निराकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में लिये गये निर्णय के बाद वरीयता सूची जारी की गयी।

# रांची यूनिवर्सिटी के डीएसडब्लू सेक्शन का हो रहा रेनोवेशन

### 42 साल में पहली बार विवि का होगा कायाकल्प

मेट्रो रेज

**रांचीः** रांची यूनिवर्सिटी के डीन स्पोर्ट्स वेलफेयर (डीएसडब्लू) सेक्शन में रेनोवेशन का कार्य चल रहा है। लगभग 42 साल में पहली बार डीएसडब्लू को व्यवस्थित किया जा रहा है। डीएसडब्लू सेक्शन डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स बिल्डिंग में है, जो रांची यूनिवर्सिटी परिसर में है। बता दें कि इस बिल्डिंग का निर्माण रांची यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस के रूप में हुआ था। इसके बाद इस बिल्डिंग में डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स को शिफ्ट किया गया। डीएसडब्लू सेक्शन के डॉ सुदेश साहू ने बताया कि रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के दूरदर्शी



सोच से इस सेक्शन का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस सेक्शन को व्यवस्थित किया जा रहा है। रांची यूनिवर्सिटी ने खेल प्रतियोगियों में कई ट्रॉफी हासिल की है। इन ट्रॉफी के लिए अलग से शो केस बन रहा है, ताकि पुरानी ट्रॉफी को संजोकर रखा जाये और आज के खिलाड़ी उसे देख सकें।

5 दिसंबर को नैक की टीम करेगी रांची यूनिवर्सिटी का दौराः नैक की पांच सदस्यीय टीम पांच दिसंबर को रांची यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करेगी। चार दिसंबर को नैक की टीम रांची पहुंच जायेगी। नैक टीम के दौरे को लेकर रांची यूनिवर्सिटी का कायाकल्प किया जा रहा है। बिल्डिंग की रिपेयरिंग से लेकर खेल के मैदान को अच्छे से तैयार किया जा रहा है। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने नैक विजिट को लेकर विवि के सभी अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, निदेशकों, शिक्षकों व कर्मचारियों को अपनी तैयारी जारी रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि रांची यूनिवर्सिटी को वर्ष 2017 में नैक विजिट के बाद बी प्लस प्लस ग्रेड मिला था। जिसकी अवधि 2022 में ही समाप्त हो गयी है।


**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**

**शुद्धि–पत्र**

**PR No. 340510**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन (**PR No. 340510**) पुनः ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DOPR/DE/Ranchi/Retender/21/2024-25** (रॉंची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखण्ड के मौजा–खापचाबेड़ा में इण्डोर (02 कोर्ट) निर्माण) में प्रकाशित निविदा में निम्न अनुसार संशोधित किया जाता है –

1- वेबसाईट में प्रकाशन की तिथि :– 30.11.2024

2- ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 02.12.2024 से 07.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।

3- निविदा खोलने की तिथि–09.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न।

उपरोक्त निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 340757 Panchayati Raj(24-25).D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–25–30 वर्ष, रंग–सॉंवला पहनावा–काला, लाल, उजला रंग का फुल टी शर्ट, नीला रंग का पायजामा, काला जूता एवं काला रंग का जैकेट, बाल का रंग काला

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव रातु थाना अन्तर्गत ग्राम–सिमलिया से बरामद किया गया। जिसके संबंध रातु थाना काण्ड सं0–39/2024, दिनांक–27.01.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय, रॉंची। –9431706142
थाना प्रभारी रातु, रॉंची। –9431706175

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 340820 Police(24-25)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–60 वर्ष, रंग–सॉंवला
पहनावा–गले में लाल रंग का धागा में ताबीज, गहरा नीला रंग का हवाई चप्पल, ग्रे रंग का फुल पैंट, भूरा रंग का वेस्ट बंगाल,एवं धुसर सफेद छीटदार रंग का गमछा, बाल हल्का काला सफेद, हल्का सफेद दाढी

उपरोक्त अज्ञात पुरूश का शव ओरमॉंझी थाना अन्तर्गत ग्राम–जिरावार के रेलवे फाटक के बांयी ओर रेलवे स्टेशन के समीप से बरामद किया गया। जिसके संबंध ओरमॉंझी थाना काण्ड सं0–183/2024, दिनांक–13.11.2024, धारा–103(1)/238 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। –9431770066
थाना प्रभारी ओरमॉंझी, रॉंची। –9431706183

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR 340822 Police(24-25)D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–40 वर्ष, रंग–सॉंवला, ऊँचाई–5 फीट 3 ईंच, पहनावा–दाहिना हाथ में मौली धागा, नीला रंग का लोवर, NIKE लिखा हुआ, छिंट नीला रंग का टी शर्ट तथा नीला रंग का शर्ट

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव माण्डर थाना अन्तर्गत विधिवत मृत्यु –समीक्ष रिपोर्ट तैयार कर रिम्स, रॉंची भेजा गया तथा अज्ञात पुरूष का शव को रिम्स, रॉंची के शीतगृह में रखा गया। जिसके संबंध माण्डर थाना यू0डी0 काण्ड सं0–25/2024, दिनांक–25.10.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉंची। –9431742777
थाना प्रभारी माण्डर, रॉंची। –9431706154

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 340823 Police(24-25)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–खुशी परवीन, उम्र–17 वर्ष, रंग–सॉंवला, ऊँचाई–5 फीट 04 ईंच, पहनावा–उजला रंग का कुर्ती एवं हरा रंग का प्लाजो पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता लड़की खुशी परवीन, उम्र–करीब 17 वर्ष, पिता–शमशाद, सा0–इलाही नगर, जाकिर कॉलोनी रोड नं0–01, थाना– पुन्दाग ओ0पी0, जिला–रॉंची, जो दिनांक–13.11.2024 को इरगु टोली किशोरगंज, थाना–सुखदेवनगर, जिला–रॉंची से लेक रोड डेली मार्केट स्थित अपने दादी घर के लिए निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर थाना काण्ड संख्या–567/2024, दिनांक–16.11.2024 धारा–137(2)/140 बी0एन0एस0 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। –9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर, रॉंची। –9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 340826 Police(24-25).D

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## संभल हिंसा जैसे मामले रुक सकते हैं

संभल में जो कुछ घट रहा है वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि **Places of Worship Act, 1991,** जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गई, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में। संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी? **Places of Worship Act, 1991,** को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आए दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है। इसकी एक वजह खुद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व उखकडीवाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई **Places of Worship Act** की अतिरिक्त व्याख्या है। मई 2022 में चंद्रचूड़ ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। इस व्याख्या ने विवादों को पैर जमाने की जगह दे दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है। सुप्रीम कोर्ट में 1991 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं। 2022 में तत्कालीन CJI यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। सरकार की चुप्पी और निचली अदालतों की अतिरिक्त तेजी से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देकर निचली अदालतों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे कि इस तरह के मामलों को किस तरह से हैंडल करना है, वरना यह आग फैलती ही जाएगी।

## बांग्लादेश के हालात बता रहे हैं- 'एक हैं तो सेफ हैं' सिर्फ चुनावी नारा नहीं बल्कि दीघार्यु रहने का मंत्र है

बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का राउंड टू चल रहा है जिसे दुनिया के बड़े-बड़े देश बड़े चाव से देख रहे हैं। हिंदुओं को जिस तरह मारा काटा जा रहा है उस पर संयुक्त राष्ट्र भी चुप है, संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर में काम करने वाले तमाम मानवाधिकार संगठन चुप हैं क्योंकि जिनको मारा जा रहा है, जिनको काटा जा रहा है, जिनके घर जलाये जा रहे हैं, जिनके यहां लूट की जा रही है, जिनकी बेटियों के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं, वह सब हिंदू हैं। गाजा में एक भी मस्जिद पर हमला होता है तो पूरी दुनिया में मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक बड़ा बवाल खड़ा कर देने वाले बांग्लादेश में मंदिरों को आग के हवाले होते देख कर, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित होता देख कर बड़े खुश हो रहे हैं और किसी की जुबान से उफ तक नहीं निकल रही।

देखा जाये तो बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह तो सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जब किसी हमले में मुस्लिमों की मौत होती है तो पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और संयुक्त राष्ट्र भी आपात बैठकें बुला कर निंदा प्रस्ताव पास करने लगता है और शांति की अपील करने लगता है लेकिन ढाका और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में हिंदुओं का खून बह रहा है तो इसे एक देश का आंतरिक मामला बताया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस जिस तरह इतने खूनखराबे पर भी खामोश हैं और मुस्कुरा के सब कुछ देख रहे हैं उसके चलते उनका नोबेल शांति पुरस्कार छीना जाना चाहिए। शांति का नोबेल पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति के पास हर्गिज नहीं रहना चाहिए जो नरसंहार को बढ़ावा दे रहा हो या उसे रोक पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा हो। बांग्लादेश के हालात को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस को लाया ही इसलिए गया था ताकि वह कट्टरपंथियों को मनमानी करने की आजादी दे सकें और इस्लामिक देश से उसी तरह हिंदुओं का सफाया किया जा सके जिस तरह पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने अपने यहां से कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण के नाम पर बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन अब हिंदू विरोधी आंदोलन का रूप ले चुका है। बहरहाल, बांग्लादेश से जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं उससे भारत के हिंदुओं को भी बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का अर्थ समझ आ जाना चाहिए। बांग्लादेश की स्थिति बता रही है कि अगर हिंदू कटेंगे तो दुनिया में कहीं कोई आवाज नहीं उठेगी और कोई बचाने नहीं आयेगा इसलिए एक हैं तो सेफ हैं यह कोई चुनावी नारा नहीं बल्कि दीघार्यु रहने का मंत्र है।

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक

भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है।

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु-पक्षी, जीव-जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है।

इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि ह्यअर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थितिह्न। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी ह्यएशियन ड्रामाह्न नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है ह्यअगेन्स्ट द स्ट्रीमह्न। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अध्ययन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है।

प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हुआ, जिसका नाम यासक था। यासक ने ह्यनिघंटूह्न नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं और प्रत्येक शब्द का अलग-अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। ह्यब्लैक मनीह्न नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मगलिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है। अर्जित किए धन को केवल अपने लिए उपभोग करना, उस धन से केवल ऐय्याशी करना, केवल अपने लिए काम में लेना, अपने परिवार के लिए मौज-मस्ती करना आदि को ठीक नहीं माना गया है। अर्जित किए गए धन को समाज के साथ मिल बांटकर, समाज के हितार्थ उपयोग करना चाहिए।

भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार कर-के मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मयार्दा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अतः कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना-देना नहीं है। जबकि वस्तुतः ऐसी कोई भी अर्थव्यवस्था, अर्थतंत्र और विकास का कोई भी तंत्र जिसमें नैतिकता को स्वीकार न किया जाय वह चल नहीं सकती और वह समाज का भला नहीं कर सकती।

अर्थ को प्रदान किए गए महत्व के चलते ही प्राचीनकाल में भारत में दूध की नदियां बहती थीं, भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, भारत का आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में बोलबाला था। भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी रहती थी तथा उस खंडकाल में भारत का वैभव काल चल रहा था, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों में नागरिक आपस में भाईचारे के साथ रहते थे एवं आपस में सहयोग करते थे। केवल ह्यमैंह्न ही तरक्की करूं इस प्रकार की भावना का सर्वथा अभाव था एवं ह्यहमह्न सभी मिलकर आगे बढ़ें, इस भावना के साथ ग्रामीण इलाकों में नागरिक प्रसन्नता के साथ अपने अपने कार्य में व्यस्त एवं मस्त रहते थे। प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यतः स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अतः केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है, इसके लिए दिव्यता होनी चाहिए, अर्थात समाज की भलाई के लिए अधिक से अधिक कार्य करना होता है। अर्थ को धर्म से जोड़ने के साथ ही, प्रकृति के संरक्षण की बात भी भारतीय पुराणों में मुखर रूप से कही गई है। भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति के अनुसार नदियों, पहाड़ों, जंगलों, जीव-जंतुओं में भी देवताओं का वास है, ऐसा माना जाता है। इसीलिए यह कहा गया है कि इस पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों का दोहन करें, शोषण नहीं करें। सर जगदीश चंद्र बसु ने एक परीक्षण किया और इस परीक्षण के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पेड़-पौधों में भी वैसी ही संवेदना होती है जैसी मनुष्यों में होती है। जिस प्रकार मनुष्य रोता-हंसता, प्रसन्न और नाराज होता है, इसी प्रकार की संवेदनाएं पेड़-पौधों में भी पाई जाती है। सर जगदीश चंद्र बसु ने वैज्ञानिक तरीके से जब यह सिद्ध किया तो दुनिया में तहलका मच गया। जबकि भारतीय शास्त्रों में इन बातों का वर्णन सदियों पूर्व ही मिलता है। जब इन तथ्यों को वैज्ञानिक आधार दिया गया तो अब पूरी दुनिया भारत के इन प्राचीन विचारों के साथ खड़ी नजर आती है। भारतीय मनीषियों ने इसीलिए यह बार-बार कहा है कि पेड़-पौधों की रक्षा करें, इन्हें काटें नहीं। क्योंकि, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होती ही है, पेड़-पौधों के रूप में एक प्रकार से किसी प्राणी की हत्या करने से भी बचा जा सकता है। भारतीय संस्कृति में यह भावना रही है कि व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो एवं उसे पूर्ण सुख की प्राप्ति हो। इसलिए, उक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ही देश में सामाजिक एवं आर्थिक रचना होनी चाहिए। प्राचीन भारत में इसी नाते व्यक्ति को मान्यता देने के साथ-साथ परिवार को भी मान्यता दी गई है। परिवार को समाज में न्यूनतम इकाई माना गया है। व्यक्तियों से परिवार, परिवारों से समाज, समाज से देश और देशों से विश्व बनता है। अतः कुटुंब को भारतीय समाज में अत्यधिक महत्व दिया गया है। भारतीय शास्त्रों में कुल मिलाकर यह वर्णन मिलता है कि प्राचीन भारत के लगभग प्रत्येक परिवार में गाय के रूप में पर्याप्त मात्रा में पशुधन उपलब्ध रहता था जिससे प्रत्येक परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति बहुत आसानी से हो जाती थी। गाय के गोबर एवं गौमूत्र से देसी खाद का निर्माण किया जाता था, जिसे कृषि कार्यों में उपयोग किया जाता था एवं गाय के दूध को घर में उपयोग करने के बाद इससे दही, घी एवं मक्खन आदि पदार्थों का निर्माण कर इसे बाजार में बेच भी दिया जाता था। इसी प्रकार गौमूत्र से कुछ आयुर्वेदिक दवाइयों का निर्माण भी किया जाता था। अतः कुल मिलाकर परिवार एवं समाज में किसी भी प्रकार की गतिविधि सम्पन्न करने के लिए अर्थ की आवश्यकता महसूस होती है।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)**

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

वै रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है।

लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसे और विश्वसनीयता बनाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (अऊए) द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (इऊछ) और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (इएछ) ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिजाइन की गई, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल (वश्छट) का उपयोग करके मोबाइल ग्राउंड प्लेटफॉर्म और जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है, यह एक सिस्टम है जिसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा पेटेंट किया गया है और यह पहले से ही 30 भारतीय नौसेना के जहाजों पर चालू है।


यह मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता (अङ्गठ) के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर जोर देता है। 1, 000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी। मिसाइल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 20 अतिरिक्त परीक्षण उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वदेशी रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर के माध्यम से टर्मिनल होमिंग भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5, 000 करोड़ रुपये की कीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है, जिसके सेवा में प्रवेश के लिए एक निर्धारित समय-सीमा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जितनी ज्यादा आप दूसरों की मदद करेंगे, उतनी ज्यादा ईश्वरीय शक्ति आपकी मदद करेगी

जब हम दूसरों के लिए निःस्वार्थ भाव से अच्छा कार्य करते हैं, तो ईश्वर या ब्रह्माण्ड स्वतः ही हमारी मदद करता है, आपके अच्छे कर्मों का फल आपको प्रतिफल के रूप में अवश्य मिलता है। जितनी ज्यादा आप दूसरों की मदद करेंगे, उतनी ज्यादा ईश्वर आपकी मदद अपने आप करेगा। हमारे जीवन में घटित होने वाली प्रमुख घटनाऐं ईश्वर या किसी उच्च शक्ति के नियंत्रण में रहती हैं। ईश्वर ग्रह-नक्षत्रों के माध्यम से हमारे जीवन की दिशा निर्धारित करता है। प्रत्येक व्यक्ति कर्म और प्रयास करता है, लेकिन अंतिम परिणाम ईश्वर की इच्छा के अनुसार ही होता है।

हृदय को एक पात्र समझिए, अगर हृदय रूपी पात्र खाली और स्वच्छ होगा, तो उसमें कोई भी वस्तु समा जाएगी परन्तु अगर पात्र में पहले से ही कुछ भरा होगा तो उसमें कोई भी वस्तु नहीं आ पाएगी, ईश्वरीय शक्ति निर्मल हृदय पर अपनी अनुकम्पा प्रदान करती है। दान



आदि कर्मों से मनुष्य के हृदय की भावना का पता चलता है, मनुष्य की चालाकी, उसकी बुद्धि पर निर्भर करती है एवं उसका परोपकार, सद्कर्म, हृदय के माध्यम से परिलक्षित होता है। हृदय के पात्र में अगर राग, द्वेष, ईर्ष्या भरी हुई है, तो कितनी भी पूजा-पाठ क्यों न कर लें, पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता है, लेकिन जिनके हृदय में दूसरों के प्रति सद्भावना एवं निर्मलता होती है, उनका पवित्र हृदय उन्हें तीर्थ के समान फल देता है और उनके पूजा-पाठ शीघ्र ही फलीभूत होकर उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

ऊपर से हम अच्छे हैं, संपन्न हैं, परंतु किसी गरीब की मदद नहीं करना चाहते, गुरु की सेवा नहीं करना चाहते, किसी का भी कल्याण नहीं करना चाहते हैं, केवल स्वार्थ की पूर्ति के उद्देश्य से कार्य करते हैं, तो हम प्रकृति के नियम के विपरीत होते हैं और भविष्य में अपने स्वयं के कल्याण से वंचित रहते हैं। आपने देखा होगा लोग गरीबों की बस्ती में जाकर सेवा करते हैं, इसलिए नहीं कि वह गरीबों पर उपकार कर रहे हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि ऐसा करने से उनके स्वयं का कल्याण होता है, यह रहस्य प्रत्येक व्यक्ति नहीं समझ पाता है। जब हम दूसरों का कल्याण करते हुए आगे बढ़ते हैं, तो हम दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की निरन्तर करते ही रहते हैं, इसलिए सभी धर्मों में सेवा को सर्वोपरि माना गया है।

## सेहत

### मूंगफली खाना फायदेमंद

सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाना सभी को बेहद पसंद होता है। नमक के साथ मूंगफली खाना तो बेहद ही स्वादिष्ट होता है। वहीं, मूंगफली को गुड़ के साथ खाना तो और भी अच्छा होता है। गुड़ पट्टी खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। मूंगफली स्वादिष्ट और पौष्टिक से भरपूर होती है। मूंगफली में प्रोटीन, फाइबर, खनिज और विटामिन के गुण पाए जाते हैं। जो सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। अपने शरीर को ताकत के साथ ही मसल्स को स्ट्रॉग बनाने के लिए आज से ही मूंगफली का सेवन करना शुरू कर दें। आइए जानते हैं मूंगफली खाने के फायदे। गौरतलब है कि मूंगफली में प्रोटीन की मात्रा भरपूर होती है। मूंगफली खाने से मांसपेशियां मजबूत होती है और मरम्मत के लिए भी खाना बेहद जरुरी है। मूंगफली सेहत का खजाना होता है। मूंगफली में मोनोसैचुरेटेड फैट और पॉलीसैचुरेटेड फैट होते हैं। जिससे हार्ट हेल्दी रहता है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए मूंगफली का सेवन करें। मूंगफली में प्रोटीन और फाइबर के गुण होते हैं। जो आपकी भूख को भी कंट्रोल करता है और लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। भूख की लालसा भी कम हो जाती है। इसके सेवन से आप वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। मूंगफली का सेवन मस्तिष्क के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। मूंगफली में विटामिन बी3 (नियासिन) और रेस्वेराट्रोल होता है, जो मस्तिष्क के कार्यों को बढ़ावा देता है। दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए मूंगफली सहायक होती है। मूंगफली में काबोर्हाइड्रेट और प्रोटीन भरपूर मात्रा में होती है, जो शरीर को एनर्जी देता है। दिन भर ऊजार्वान बने रहने के लिए मूंगफली खाएं। मूंगफली में फाइबर की मात्रा अधिक होता है, जो पाचन संबंधित क्रिया को दुरुस्त करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। मूंगफली में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे खनिज होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## मेडिकल उपकरण के लिए लाभुक चयन के लिए कैंप का आयोजन



**साहिबगंज :** आकांक्षी प्रखंड मुख्यालय मंडरो में एएल आइएमसीओ द्वारा दिव्यांग एवं वृद्ध जन के लिए मेडिकल उपकरण हेतु लाभुक चयन के लिए कैंप का आयोजन हुआ है । जिसमें चयनित लाभार्थियों को दिनांक 3 दिसम्बर मेडिकल सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उक्त कैंप में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रोहित गोंड एएलआइएमसीओ के प्रतिनिधि संजय मंडल तथा आकांक्षी प्रखंड फेलो मनीष कुमार मौजूद थे।

## प्रखंड सभागार में डीएसओ ने की राशन डीलर के साथ बैठक



**साहिबगंज/मंडरो:** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को डीएसओ झुनू कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में प्रखंड के राशन डीलरों के साथ बैठक हुई। मौके पर  सीओ सह प्रभारी बीडीओ मेघनाथ उरांव उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सभी प्रवासी मजदूरों का राशन कार्ड बनाने को लेकर उनके आधार कार्ड का कलेक्शन करना, सभी कार्ड धारी का या उसके मेंबर का बायोमेट्रिक ई केवाईसी कराना नवंबर के राशन का वितरण दुकानदार को प्रतिदिन दुकान खोलकर अनाज वितरण करने के साथ कार्डधारी का ई केवाईसी करावें। सुची के अनुसार 1172 प्रवासी मजदूर प्रदेश है।आदि सहित इनसे जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर मंडरो प्रखंड  क्षेत्र के विभिन्न जगह के राशन डीलर उपस्थित थे।

## कृषि फार्म के बगल में खाली पड़ी जमीन में मछली मार्केट बनाने की मांग :  पूर्व प्रत्याशी



**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय में मछली मार्केट बनवाने के को लेकर राजमहल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोतीलाल सरकार ने निदेशक मत्स्य,मत्स्य निदेशालय,डोरण्डा,राँची को पत्र लिखा।पत्र को कॉपी उन्होंने साहिबगंज उपायुक्त,जिला मत्स्य पदाधिकारी साहिबगंज सचिव कृषि पशुपालन मत्स्य रांची को भी भेजा है।लिखे पत्र में उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला मुख्यालय में मछुआरों के लिए मछली बेचने के लिए स्थायी किए मार्केट नहीं रहने के कारण यहाँ के मछुआरों को मछली बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।जबकि साहिबगंत्र जिला में गंगा नदी का लोकल मछली प्रतिदिन उपलब्ध होता है।मार्केट नहीं रहने के कारण स्थानीय मछुआरो की मछली का सही रख रखाव एवं सही दाम भी नहीं मिल पाता है।उन्होंने जिला प्रशासन से बोरियो रोड स्थित कृषि फार्म के बगल में खाली पड़ी जमीन में मछली मार्केट बनाने की मांग की है।

## 18 मरीज का हुआ सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन

**दुमका:** लायंस क्लब(सं.प) दुमका एवं शहर के जयनिल  हेल्थ केयर दुमका के संयुक्त सौजन्य से जयनिल हेल्थ केयर दुमका में शुक्रवार को 7 महिला एवं 11 पुरुष  कुल  18 मरीज का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन  कोलकाता के प्रसिद्ध नेत्र रोग  विशेषज्ञ डॉ. डी.दत्ता के द्वारा किया गया एवं ऑपरेशन करने के पश्चात सभी मरीजों को निःशुल्क काला चश्मा एवं दवाई वितरण किया गया. उपस्थित मरीजों को डॉक्टर के द्वारा आंखों के देखभाल हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया. मौके पर उपस्थित लाइंस क्लब (सं.प) दुमका की  अध्यक्षा डॉ. अमिता रक्षित ने कहा आंख शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और सभी लोगों को इसके प्रति जागरूक होना जरूरी है.लायंस क्लब दुमका जनहित में सभी मेंबर के सहयोग से इस तरह का मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन नियमित रूप से करेगाक

शिविर में लायंस क्लब दुमका के  सचिव लायन चंदन देव, लायन डॉ.अखिलेश कुमार सिन्हा , लायन डॉ. मनोज कुमार घोष,  कोषाध्यक्ष लायन अमोल कुमार पाल, लायन डॉ. शमीम अंसारी, लायन सतीश कुमार जय सवाल,लायन अभिषेक सिन्हा आदि सदस्य मौजूद थे.

## भाजपा नेता का मातृशोक

**जामा :** प्रखंड अंतर्गत ढोढली पंचायत के कुशमाहा गांव के निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सिकंदर यादव मुन्ना की माता 64 वर्षीय ललिता देवी का देहांत ह्दय गति रूकने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वह पिछले कई महिनों से मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बिमारी से पीड़ित थे गुरुवार को देर रात अचानक ह्दय गति रूक जाने से देहांत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार के स्वजनों को ढांढस बंधाने के लिए पूर्व सांसद सुनील सोरेन, भाजपा नेता सुरेश मुर्मू, इंद्रकांत यादव समेत अन्य भाजपा के कार्यकर्ता, आस पास के ग्रामीण सगे संबंधि उनके निजी आवास पहुंचे। अंतिम संस्कार टेपरा नदी के मुक्ति धाम में किया गया। वह अपने पिछे अपने पति, चार पुत्र समेत भरा हुआ परिवार छोड़ गई।

## झामुमो जिला अध्यक्ष ने हेमंत को दी बधाई

लातेहारः  झामुमो के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने झारखंड में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सीएम हेमंत सोरेन को बधाई दी. उन्होंने बुके भेंट कर सीएम को अपनी शुभकामनायें दी. शाहदेव ने गांडेय विधायक सह सीएम की धर्मपत?नी कल?पना सोरेन से भी मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी. शाहदेव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने एक बार फिर से इंडिया गठबंधन को सरकार बनाने के लिए जनाधार दिया है. यह सरकार अब दुगने रफ्तार से कार्य करेगी. कहा कि चुनाव पूर्व सीएम ने जो वायदा किया था, उसे पहली ही बैठक में पूरा किया. दिसंबर माह से मंइयां सम्?मान योजना के तहत लाभुक माता व बहनों को सरकार एक हजार की जगह ढाई हजार रुपए देगी.

### धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

# बंद ट्रेनों का परिचालन फिर शुरू करने और नई ट्रेन देने की मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबादः** सांसद ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रेल सेवाओं के विस्तार और सुधार के लिए एक मांग पत्र सौंपा है. धनबाद सांसद ढुल्लू ने कोविड -19 महामारी के दौरान बंद हुई ट्रेनों को पुनः शुरू करने और नई ट्रेन सेवाओं की आवश्यकता पर जोर दिया है. वहीं रेल मंत्री ने सकारात्मक पहल करने की बात कही है.

थापरनगर स्टेशन पर ट्रेनों का हो ठहराव

सांसद ने रेल मंत्री को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया है कि कोराना महामारी से पहले थापरनगर रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव होता था. लेकिन महामारी के दौरान बंद कर दिया गया. इस कारण स्थानीय किसानों और यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है. साथ ही सांसद ने देवघर-रांची इंटरसिटी (13319/13320, 18619/18620), कोलफील्ड एक्सप्रेस (12339/12340) और ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (22387/22388) के ठहराव को ठापरनगर में पुनर्बहाल की मांग की है.

यशवंतपुर-हटिया एक्स. का धनबाद तक हो विस्तार

ढुल्लू महतो ने धनबाद से दक्षिण भारत के राज्यों के लिए सीधी रेल सेवा की कमी का मामला उठाते हुए यशवंतपुर-हटिया एक्सप्रेस (12835/12836) को धनबाद तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है. उन्होंने बताया कि इस सेवा से क्षेत्र के लोगों को रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा आदि कराने में सुविधा होगी.

कालूबथान और कुमारधुबी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

सांसद ढुल्लू महतो ने कालूबथान और कुमारधुबी स्टेशनों पर तीन प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की है. उन्होंने कहा कि इससे किसानों, महिलाओं और छात्रों को लाभ होगा. उन्होंने मुंबई मेल (12321/12322), धनबाद-पटना इंटरसिटी (13331/13332), और वनांचल एक्सप्रेस



(13403/13404) जैसी ट्रेनों का ठहराव पुनः शुरू करने की मांग की.

महाबोधि एक्सप्रेस का धनबाद तक हो विस्तार

नई दिल्ली से गया तक चलने वाली महाबोधि एक्सप्रेस (12398) को धनबाद तक बढ़ाने का सुझाव सांसद ने रेल मंत्री को दिया है. सांसद ने कहा कि गया में ट्रेन का 11 घंटे का ठहराव है. इसलिए इस ट्रेन को धनबाद तक बढ़ाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि ट्रेन का यह विस्तार धनबाद के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा.

धनबाद-जम्मू तवी स्पेशल ट्रेन जारी रखने की मांग

सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद-जम्मू तवी स्पेशल (03309/03310) के संचालन को जारी रखने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि इस ट्रेन को 30 नवंबर 2024 के बाद बंद करने का प्रस्ताव है. उन्होंने इसे माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए प्रमुख ट्रेन बताते हुए इसकी लोकप्रियता का हवाला दिया है.

निलंबित मेमू ट्रेनों का पुनः परिचालन शुरू हो

कोविड -19 के दौरान निलंबित धनबाद-असनसोल मेमू (63552/63551) और असनसोल-भोजुडीह मेमू (53522/53521) सेवाओं को पुनः शुरू करने की मांग की है.

सांसद ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि इन मांगों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि धनबाद और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल सेवा मिल सके. उन्होंने इस कदम को क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है.

## स्वास्थ्य विभाग के सेंट्रल स्टेट रिव्यू टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडोर क्या निरीक्षण



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखण्ड स्थति मिजाचौकी मे  स्वास्थ्य विभाग की सात सदस्यीय केन्द्रीय टीम शुक्रवार को मंडरो प्रखंड पहुंची जहा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित स्वास्थ्य से संबंधित हर बिंदु पर जानकारी एकत्रित किया। साथ ही सीआरएम कॉमन रिव्यू मिशन की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरो पहुंची सर्वप्रथम एक मरीज का एक्स-रे रिपोर्ट देखकर रोगी को हेल्थ जांच कर उससे जुड़ी बीमारियों का जानकारी के बारे में समझाया गया समय-समय पर दवा लेने डॉ को दिखाने के लिए रोगी को सलाह दी गई। दवा वितरण कक्ष में दवाई स्टॉक से संबंधित जानकारी इकट्ठा की। फाइलेरिया दवाई व मरीज को दिए जाने वाला किट के बारे में प्रैक्टिकल कर जानकारी लिया गया। साथ ही रेबीज दवा उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। दवा भण्डार कक्ष में पंजी जांच किया, कुष्ठ कार्यालय पंजी जांच टीम द्वारा किया गया टीम ने स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय पैरामीटर के अनुसार मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, रेबीज का दवा उपलब्ध नहीं होने पर जल्द से जल्द दवा उपलब्ध करने के लिए आदेश दिया गया। विभिन्न बीमारियों से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। मरीज को दी जाने वाली सुविधाओं की बारीकी से जांच की टीम के सदस्यों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरो का साफ सफाई ओपीडी अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे कक्ष का प्रयोगशाला जांच घर  प्रसव कक्ष, दवा वितरण केन्द्र, दवा स्टॉक रूम, महीला पुरूष वार्ड कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। टीम द्वारा रूम कक्ष में टेस्ट डिस्प्ले बोर्ड, बायोमेट्रिक वोकेंट, डिस्प्ले चार्ट बायोमेट्रिक बेस्ट के लिए, सेंड रेक, मेडिसिन काउंटर, एमीड्रम, मलेरिया, ट्रीटमेंट चार्ट, छोटा फील्ट अलमीरा, लगवाने के लिए आदेश दिया गया स्वास्थ्य कर्मचारियों की कार्यशैली का मूल्यांकन किया बारीकी से पूछताछ किया सेंट्रल, स्टेट टिम में जयपुर के डॉ रतन वर्मा, डॉ मनप्रीत सिंह, डॉ दीक्षा महाजन, डॉ मिथुन दत्ता, डॉ नवीन कुमार, डॉ अंकुर पूनिया, एसपीएमयू स्टेट मॉडल के ऑफिसर डॉ कमलेश कुमार, राज्य स्तरीय टीम में एसपीएमयू स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ कमलेश कुमार, मनीर अहमद, सुमित रंजन, गुंजन खालको, अतेंद्र उपाध्याय, सागर दास, एनएचएम स्टेट प्रोग्राम मैनेजर एनिमा किस्कू, देवाशीष जाना, डॉ अनुज कुमार मंडल शामिल थे। मौके पर सीएस डॉ प्रवीण कुमार संथाली, डीपी एम हीना वर्णवाल, तौसीफ एहमद, सती बाबू डांबडा, भीबीडी सलाहकार, डॉ सलखू चंद्र हांसदा, एमओ एनएन सिंह, बीपीएम ब्रज किशोर राणा, भीबीडी, टेक्निकल सुपरवाइजर प्रवीर कुमार सिन्हा, डॉ साकेत सानू समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## गढ़वा में चार अपराधी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार



मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वाः** जिला के कांडी बाजार में दिनदहाड़े हथियार लहराने के आरोप में पुलिस ने चार अपराधियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है.

एसडीपीओ ने बताया कि इन चारों अपराधी कांडी बाजार में एक ऑटो चालक और बस चालक से बेवजह उलझ गए थे और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने बाजार में देसी कट्टा लहराकर दहशत फैलाने की भी कोशिश की थी.

वहीं मामले की सूचना मिलने पर गढ़वा पुलिस हरकत में आई और छापेमारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया है.

बिहार के रहने वाले हैं चारों

एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि चारों अपराधी बिहार राज्य के रहने वाले हैं और नदी पार कर गढ़वा के इलाके में प्रवेश किया था. उनका मंशा हत्या की थी. उन्होंने बताया कि सभी आरोपी बिहार के रोहतास जिला के चुटिया थाना अंतर्गत परछा गांव के रहने वाले हैं. आरोपियों में नवलखा डोम, निरंजन कुमार मेहता,रवि चौधरी और अखिलेश चौधरी शामिल है.

वहीं कांडी बाजार के लोगों का कहना है कि यदि समय पर काण्डी थाना की पुलिस नहीं पहुंचती तो उक्त अपराधियों द्वारा बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता था. लोगों ने मामले में पुलिस के द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की है.

## किशोरियों को सशक्त बनाना है : उमंग कमल



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा प्रखंड स्थित महेंद्र अतिथिशाला में जेएसएलपीएस अंतर्गत उमंग परियोजना का दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ अनिरुद्ध कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साहिबगंज राहुल यादव जिला समन्यवयक,उमंग कमल किशोर जिला कार्यक्रम प्रबंधक समाज कल्याण मो इकबाल जिला समन्यवयक चाइल्डलाइन साहिबगंज की गरिमामई उपस्थिति में हुई। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में बरहरवा,पतना और बरहेट प्रखंड अंतर्गत जेएस एलपीएस के माध्यम से संचालित सभी 16 संकुल संगठनों के पदाधिकारी एवं सामुदायिक समन्यवयक शामिल हुए। उमंग के जिला समन्यवयक द्वारा उमंग परियोजना के उद्देश्य और लक्ष्य को विस्तृत पूर्वक समझाया और एस.एच.जी. सदस्यों को किशोरियों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने व उनकी आकांक्षाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सक्षम बनाना किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना। एस.एच.जी. मंच के माध्यम से बाल विवाह और किशोरी सशक्तिकरण को संबोधित करने के लिए एक मापनीय मॉडल स्थापित करना।

## देवघर सिविल सर्जन का एक आदेश कर्मचारियों के लिए बना तुगलकी फरमान

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघरः** जिला सदर अस्पताल में इन दिनों कर्मचारियों के लिए प्रबंधन के द्वारा एक फरमान जारी किया गया है. जिसे देवघर सदर अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारी एक तुगलकी फरमान मान रहे हैं. वे सभी मिलकर इस आदेश का पुरजोर विरोध भी कर रहे हैं.

दरअसल देवघर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर युगल किशोर चौधरी के द्वारा एक आदेश जारी किया गया है. जिसमें यह कहा गया है कि जो भी सदर अस्पताल के कर्मचारी परिसर में बने आवास में रह रहे हैं वो जल्द से जल्द खाली करें. क्योंकि वहां पर अस्पताल का विस्तार किया जाएगा.

इसको लेकर देवघर सदर अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि जब सदर अस्पताल का निर्माण किया गया था, उसी समय भवन निर्माण विभाग द्वारा यहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए उनके लिए आवास का निर्माण कराया गया. फिर किस आधार पर अस्पताल विस्तार के लिए कर्मचारियों को हटाने का आदेश




जारी किया गया है.

कर्मचारियों की परेशानी को लेकर जिला कर्मचारी संघ के नेता और सदर अस्पताल के कर्मचारी मनोज मिश्रा ने कहा कि जिस तरह का आदेश जारी किया गया है यह तुगलकी फरमान है. क्योंकि नियमों के अनुसार जो आवास कर्मचारियों के रहने के लिए बनाए जाते हैं, उन आवासों में अस्पताल का विस्तार नहीं कराया जाता है. इसके बावजूद भी सिविल सर्जन अपनी मनमानी करेंगे तो कर्मचारी कानून का सहारा लेकर अपने आवास को बचाने की कोशिश करेंगे.

वहीं सदर अस्पताल कर्मचारी पारसनाथ बताते हैं कि उनकी पदस्थापना ही सदर अस्पताल में हुई है, ऐसे में वह आवास लेकर सदर अस्पताल परिसर में वर्षों से रह रहे हैं. वर्षों से रहने के बावजूद प्रत्येक कर्मचारी के घर में कई ऐसे समान हैं. जिसे एक जगह से दूसरे जगह ले जाना काफी मुश्किल होता है. साथ ही आवास खाली करने की सूचना मिलने के बाद सभी कर्मचारी और उनके परिवारों की मानसिक परेशानी बढ़ गई है.

पूरे मामले पर ईटीवी भारत की टीम ने देवघर के सिविल सर्जन डॉक्टर युगल किशोर चौधरी से बात की. उन्होंने कहा कि हाल फिलहाल में ही राज्य के उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण कर यह आदेश दिया था. जिसमें ओपीडी और अस्पताल के कुछ विभागों के विस्तार के लिए आवासीय परिसर को खाली कराया जाए, इसीलिए यह आदेश जारी किया गया है. अगर किसी कर्मचारी को इस आदेश के खिलाफ जाना है तो उच्च अधिकारी से अनुमति लें अन्यथा आदेश का पालन करें.

बता दें कि देवघर सिविल सर्जन के इस आदेश को कर्मचारी तुगलकी फरमान बता रहे हैं. स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा कि अगर सिविल सर्जन अपने आदेश को वापस नहीं लेते हैं तो आने वाले समय में इसको लेकर आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारी और स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आंदोलन करना पड़ेगा.



# अमायरा ने बॉडीकॉन ड्रेस में दिए किलर पोज

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बॉडीकॉन ड्रेस में किलर पोज देती नजर आ रही हैं. उनके इस लुक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और फैंस उनकी खूबसूरती और अदाओं की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. अमायरा ने लाइट मेकअप के साथ खुले बाल रखे हैं और गार्डन की सीढ़ियों पर पोज देते हुए अपनी कातिल अदाओं से फैंस को घायल कर दिया है. उनकी यह तस्वीरें बहुत ही ग्लैमरस और एलीगेंट नजर आ रही हैं, जिससे उनकी कूल और कॉन्फिडेंट पर्सनैलिटी साफ नजर आती है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अमायरा ने फैंस का दिल जीता है और उनके इंस्टाग्राम पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. अमायरा का यह नया लुक एक बार फिर साबित करता है कि वह फैशन और स्टाइल में हमेशा एक कदम आगे हैं.



# ब्रैड पिट से कानूनी लड़ाई के बीच आर्थिक तंगी से गुजर रहीं एंजेलिना जोली

एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच तलाक 2019 में हो गया था लेकिन, इनके बीच कानूनी लड़ाई जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्स-हसबैंड ब्रैड पिट से चल रही कानूनी लड़ाई के बीच एंजेलिना आर्थिक परेशानियों से गुजर रही हैं। ब्रैड पिट के साथ चल रहे मुकदमे से एंजेलिनी की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा है। अब हालत ऐसे हो गए हैं कि खर्चों की पूर्ति के लिए अभिनेत्री को अपनी कुछ कीमती संपत्तियां बेचनी पड़ रही हैं। अभिनेत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक, एंजेलिना की आर्थिक परेशानियां मुख्य रूप से ब्रैड पिट के साथ उनकी कानूनी लड़ाई के कारण हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि अपने रिसोर्स को बचाने के लिए एंजेलिनी ने इस कानूनी लड़ाई को विराम देने पर विचार किया है। रिपोट्र्स में कहा जा रहा है कि मोटी कानूनी फीस के कारण अभिनेत्री ने हाल ही में एफबीआई के खिलाफ मुकदमा वापस ले लिया, क्योंकि खर्चा काफी ज्यादा हो गया।

एंजेलिना का काफी ज्यादा पैसा खर्च हो चुका है। उनके खर्चे उनकी आमदनी से ज्यादा हैं। इन सभी कानूनी मामलों की वजह से उन्हें हजारों डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्हें एहसास हुआ कि वह इन सभी लड़ाइयों को लड़ने का जोखिम नहीं उठा सकतीं। अपनी आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए जोली ने अपनी 1958 की फेरारी 250 जीटी को बिक्री के लिए रखा है, जिसकी कीमत 1.3 मिलियन डॉलर है। कार के अलावा एंजेलिना कथित तौर पर अपने डिजाइनर कपड़े, सामान और गहने बेच रही हैं। बता दें कि एंजेलिना जोली ने 19 सितंबर, 2016 को ब्रैड पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी। इसके बाद 2019 में दोनों अलग हो गए।

# अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-२' को सीबीएफसी से यू/ए प्रमाणपत्र मिला



अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा- 2ः द रूल' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए प्रमाणपत्र मिल गया है। निमार्ताओं ने यह जानकारी दी। अर्जुन ने 2021 में आई तेलुगु फिल्म 'पुष्पाः द राइज' में पुष्पा राज की भूमिका निभाई थी और अब वह फिल्म के 'सीक्वल' के लिए तैयार हैं।


'पुष्पा- 2ः द रूल' पांच दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निमार्ता 'माइथ्री मूवी मेकर्स' ने बृहस्पतिवार की शाम सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में यह खबर साझा की। निमार्ता ने फिल्म के एक पोस्ट के साथ लिखा, 'सबसे बड़ी भारतीय फिल्म 'पुष्पा रूल' को यू/ए से प्रमाणित किया गया है और यह बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित 'पुष्पा- 2ः द रूल' में रश्मिका मंदाना पहली फिल्म की तरह श्रीवल्ली के किरदार में और फहाद फासिल पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह शेखावत के रूप में नजर आएंगे। पटना के गांधी मैदान में 17 नवंबर को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर सोत्सोबे, त्सोलेकिले मभालती भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों लोनवाबो सोत्सोबे और थामी त्सोलेकिले के साथ-साथ टाइटन्स के पूर्व गेंदबाज इथी मभालती को गिरफ्तार किया गया है और उन पर भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम एवं प्रतिरोध अधिनियम, 2004 की धारा 15 के तहत भ्रष्टाचार के पांच आरोप लगाए गए हैं। उन पर अधिनियम की धारा 15 के तहत आरोप लगाए गए हैं, जो खेल आयोजनों से संबंधित भ्रष्ट गतिविधियों से संबंधित है, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति से किसी ऐसे कार्य में शामिल होने के लिए रिश्वत लेना या देने की पेशकश करना शामिल है, जो किसी खेल आयोजन की अखंडता को कमजोर करने या खेल के क्रम को प्रभावित करने की धमकी देता है।

ये आरोप 2015-16 के रैम स्लैम चैलेंज के इर्द-गिर्द मैच फिक्सिंग की कहानी से जुड़े हैं। ये तीन खिलाड़ी उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें घरेलू टी20 टूनार्मेंट के दौरान मैच फिक्स करने के प्रयासों में शामिल होने के लिए 2016 और 2017 में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। गुलाम बोदी पहले ही जेल में हैं, जबकि जीन सिम्स और पुमी



मात्शिकवे को क्रमशः 2021 और 2022 में दोषी ठहराए जाने के बाद निलंबित सजा दी गई थी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने खेल में उनकी संलिप्तता के कारण सभी खिलाड़ियों पर दो से 12 साल का प्रतिबंध भी लगाया है। भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम और मुकाबला अधिनियम 2000 में हैंसी क्रोनजे मैच फिक्सिंग कांड के बाद लागू हुआ था, और यह समझा जाता है कि यह पहली बार है जब इसका इस्तेमाल खिलाड़ियों पर अपराध के आरोप लगाने के लिए किया जा रहा है। हॉक्स के नाम से जाने जाने वाले प्राथमिकता अपराध जांच निदेशालय (डीपीसीआई) द्वारा जांच के बाद आरोप लगाए गए हैं, जो संगठित और आर्थिक अपराध की जांच करने वाली दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा की एक विशेष शाखा है। डीपीसीआई के राष्ट्रीय प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल गॉडफ्रे लेबेया ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, 'भ्रष्टाचार खेल की अखंडता को कमजोर करता है, और हॉक्स समाज के सभी क्षेत्रों में निष्पक्षता और व्यावसायिकता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हम क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को इस संकट से निपटने के लिए उनके सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देते हैं।' प्रारंभिक जांच के समय, सीएसए ने कहा कि साजिशकताओं की योजना विफल होने के बाद टूनार्मेंट में कोई भी मैच फिक्सिंग से प्रभावित नहीं हुआ। तब से यह स्थापित हो गया है कि बोडी ने भारत के सट्टेबाजों के साथ मिलीभगत करके टूनार्मेंट में तीन मैचों में फिक्सिंग में भाग लेने के लिए कई खिलाड़ियों से संपर्क किया और यह भी समझा कि वास्तव में कोई भी फिक्सिंग नहीं हुई थी।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए हेजलवुड, एबॉट और डॉगेट टीम में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट, जो दोनों टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डे-नाइट टेस्ट के लिए इलेवन में हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया जा सकता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान में कहा गया है कि हेजलवुड को ₹बाईं ओर हल्की चोट₹ है और वह अपनी रिकवरी के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहेंगे।

हेजलवुड पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे जिन्होंने 34 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। पिछले साल एशेज में हेडिंग्ले के बाद से यह पहला टेस्ट होगा जिसे हेजलवुड ने मिस किया है। पिछले साल एशेज में उन्हें लगातार कई चोटें लगी थीं - जिसमें दो साइड स्ट्रेन भी शामिल थे-जबकि उन्हें विभिन्न



उपमहाद्वीपीय दौरों पर परिस्थितियों के कारण भी बाहर रखा गया था। दिसंबर 2021 और जून 2023 के बीच उन्होंने सिर्फ.चार टेस्ट खेले।

अगर बोलैंड की वापसी होती है तो उम्मीद के मुताबिक लीड्स में एशेज गेम में हेजलवुड की जगह खेलने के बाद यह उनका पहला टेस्ट होगा। घरेलू मैदान पर उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने छह मैचों में 12.21 की औसत से 28 विकेट लिए हैं। पिछले सीजन में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने सभी सात टेस्ट मैचों में बिना किसी बदलाव के गेंदबाजी आक्रमण के साथ जीत हासिल की थी और पिछले हफ्ते पर्थ टेस्ट में लगातार 10वें टेस्ट में हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ने एक साथ गेंदबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद वाली टीमों में नियमित रूप से खेलने वाले एबॉट को अक्सर टेस्ट कैप न मिलने के कारण दुर्भाग्यशाली माना जाता है।

इस बीच, डॉगेट के लिए यह राष्ट्रीय टीम में वापसी का एक शानदार मौका है, क्योंकि उन्हें 2018 में यूएई में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए चुना गया था। इससे पहले उन्होंने मैके में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए 15 रन देकर 6 विकेट लिए थे, जबकि चोट के कारण उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था।

माइकल नेसर, जिन्हें टीम में शामिल किए जाने की प्रबल संभावना थी, को एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए के दूसरे मैच में हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई और उनके बीबीएल की शुरूआत तक फिट होने की संभावना नहीं है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी झाई रिचर्डसन और लांस मॉरिस, जो दोनों केंद्रीय अनुबंधित हैं, ने हाल ही में इस सीजन में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट में वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया के चयनकताओं ने पहले मिशेल मार्श के चोटिल होने के बाद टीम में अनकैप्ड ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया। जोश इंगलिस, जिन्हें मूल रूप से अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में चुना गया था, टीम में बने हुए हैं, लेकिन अगर मार्श एडिलेड के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो वेबस्टर उन्हें टीम में शामिल कर सकते हैं।

हेजलवुड के जाने से ऑस्ट्रेलिया के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है, क्योंकि पर्थ में 295 रनों से मिली करारी हार के बाद दूसरे टेस्ट में उनकी टीम में वापसी हुई है। बल्लेबाजी लाइन-अप पर सवालिया निशान हैं, जिसमें मार्नस लाबुशेन पर सबसे ज्यादा दबाव है, क्योंकि पर्थ में उनकी दो विफलताएँ शामिल हैं, जिसमें पहली पारी में 52 गेंदों पर 2 रन शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया सोमवार को एडिलेड में प्रशिक्षण शुरू करेगा, जो कि पहले से तय समय से एक दिन पहले है। भारत को शनिवार और रविवार को कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय मैच खेलना है, हालाँकि भारी बारिश के कारण यह संदिग्ध है। बोलैंड प्रधानमंत्री एकादश टीम का हिस्सा हैं, क्योंकि उन्होंने इस सीजन में सिर्फ.दो प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

# ब्रैथवेट को उम्मीद, वेस्टइंडीज बांग्लादेश पर क्लीन स्विप के साथ करेगी २०२४ का अंत

एजेंसी

**जमैका।** वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने उम्मीद जताई है कि उनकी टीम जमैका में आज से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे देस्ट को जीतकर दो मैचों की सीरीज में क्लीन स्विप कर 2024 का शानदार अंत करेगी। एंटीगुआ में सीरीज के पहले मैच में 201 रन की जीत के बाद मेजबान टीम की नजरें सीरीज में क्लीन स्वीप करने पर टिकी होंगी। संयोग से, वेस्टइंडीज ने आखिरी टेस्ट क्लीन स्वीप भी बांग्लादेश के खिलाफ 2022 में 2-0 से किया था।

ब्रेथवेट ने प्री मैच कांफ्रेंस में कहा, 'साल का अंत शानदार तरीके से करना बहुत महत्वपूर्ण है और हम किसी भी टेस्ट मैच या किसी भी टेस्ट सीरीज को हल्के में



नहीं ले सकते।'

उन्होंने कहा, 'पहला टेस्ट इतिहास बन चुका है और इसलिए हमें गेंदबाजी इकाई और बल्लेबाजी इकाई के रूप में शुरूआत करनी होगी, लेकिन हम इसके लिए तत्पर हैं।'

ब्रेथवेट को उम्मीद है कि पहले टेस्ट में जीत दर्ज करने के बाद उनके तेज गेंदबाज एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। चार सदस्यीय तेज गेंदबाज- केमार रोच, जेडन सील्स, शमर जोसेफ, अल्जारी जोसेफ- के साथ-साथ मध्यम गति के गेंदबाज जस्टिन ग्रीव्स ने एंटीगुआ में बांग्लादेश को हर तरह की परेशानी में डाल दिया और सभी विकेट आपस में बांट लिए। ब्रेथवेट ने कहा, 'गेंदबाजों को यहां गेंदबाजी करने में मजा आता है और खेल के अधिकांश समय में थोड़ी सीम होती है, जो अच्छी बात है। यह स्पष्ट रूप से एक नया मैदान है और यहां बहुत नमी है, इसलिए हमें नए सिरे से शुरूआत करनी होगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे हमारे सभी तेज गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है और मेरा मानना है कि इन सभी लोगों में अलग-अलग विशेषताएं हैं। मैं इस गेंदबाजी समूह के भविष्य को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं।'

## दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए मांडला माशिम्बी

**जोहानसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को मंडला माशिम्बी को दक्षिण अफ्रीका महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। सीएसए ने एक बयान में कहा, 'मांडला अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम को तैयार करने, उच्च प्रदर्शन रणनीतियों को लागू करने, सीएसए के परिवर्तन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और उत्कृष्टता और गौरव की संस्कृति का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।' भले ही उन्होंने कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन मांडला ने टाइटन्स, नाइट्स और ग्रिक्वास के लिए पेशेवर क्रिकेट खेला। कुल मिलाकर, उन्होंने 2010 में लगातार घुटने की चोटों के कारण अपने करियर को रोकने से पहले 44 एक दिवसीय और 39 प्रथम श्रेणी मैच खेले। एक कोच के रूप में, 44 वर्षीय मांडला ने टाइटन्स के साथ कई चैंपियनशिप जीती हैं और सीनियर पुरुष टीम के साथ गेंदबाजी कोच और सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। हाल ही में, वह एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए तेज गेंदबाजी कोच थे। वह अंतरिम मुख्य कोच डिलन डु प्रीज का स्थान लेंगे।

# लीसेस्टर सिटी के नए कोच नियुक्त हुए रूड वान निस्टेलरॉय

एजेंसी

**लंदन।** लीसेस्टर सिटी ने शुक्रवार को रूड वान निस्टेलरॉय को जून 2027 के अंत तक अनुबंध के साथ अपना नया प्रथम टीम कोच नियुक्त किया।

पूर्व स्ट्राइकर ने पीएसवी आइंडहोवन को कोचिंग दी है, वह मैनचेस्टर यूनाइटेड में एरिक टेन हैग के सहायक थे, टेन हैग की बर्खास्तगी के बाद अंतरिम बॉस के रूप में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रभारी के रूप में चार में से तीन मैच जीते, इसके बाद उन्होंने दो सप्ताह पहले क्लब छोड़ दिया।

उन्हें स्टीव कूपर की जगह लेने का काम सौंपा गया है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत में चेल्सी के खिलाफ घरेलू मैदान पर लीसेस्टर की 2-1 की हार के बाद अपनी नौकरी खो दी थी, जबकि



वे केवल 12 प्रीमियर लीग मैच ही प्रभारी के रूप में खेल पाए थे। कोच नियुक्त किये जाने पर निस्टेलरॉय ने कहा, 'मुझे गर्व है, मैं उत्साहित हूँ ... लीसेस्टर सिटी के बारे में मैं जिस किसी से भी बात करता हूँ, वे सभी उत्साही हैं। उनके पास क्लब में काम करने वाले लोगों, समर्थकों की गुणवत्ता के बारे में शानदार कहानियाँ हैं और निश्चित रूप से, क्लब का हालिया इतिहास प्रभावशाली है।'

निस्टेलरॉय, जिनका पहला मैच 3 दिसंबर को घरेलू मैदान पर वेस्ट हैम के साथ होगा, ने कहा, 'मैं शुरूआत करने, सभी को जानने और फुटबॉल क्लब के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्साहित हूं।'

**चक्रवात फेंगल के आज समुद्र तट से टकराने की संभावना**

# तमिलनाडु और पुडुचेरी में उठ रही ऊंची लहरें, तेज हवा के साथ हो रही बरसात

एजेंसी




**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान फेंगल के आज दोपहर से शाम के बीच पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम जिले में समुद्र तट से टकराने की संभावना है। इसके प्रभाव की वजह से तमिलनाडु और पुडुचेरी के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा चलने के साथ-साथ बरसात हो रही है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगी हैं। तटीय क्षेत्र में उथल-पुथल मची हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, फेंगल के असर के कारण हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक जा सकती है। फेंगल का सबसे ज्यादा असर तमिलनाडु पर पड़ रहा है। तेज बारिश की वजह से अधिकांश हिस्सों में धान की फसल चौपट हो गई है। अकेले नागपट्टिनम जिले में करीब 800 एकड़ से ज्यादा फसल जलमग्न हो गई है। कामेश्वरम, विरुंधमावडी, पुडुपल्ली, वेद्रप्पु, वनमादेवी, वल्लपल्लम, कल्लिमेडु, ईरावायल और चेम्बोडी जिले भी इसकी चपेट में हैं। चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। राज्य के भीतरी इलाकों में 3 दिसंबर तक तेज बारिश होने की संभावना है। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। फेंगल के कारण आंध्र प्रदेश के कई तटीय क्षेत्रों के समुद्र में भी उथल-पुथल हो रही है।

## पंजाब पुलिस की हिरासत से रिहा होते ही डल्लेवाल पहुंचे खनौरी बार्डर, आमरण अनशन पर बैठे

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की हिरासत से शुक्रवार देररात रिहा होते ही किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल खनौरी बार्डर पर पहुंच गए। वह आज सुबह खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन पर बैठ गए। उनके पहुंचते ही किसानों ने दोबारा धरना शुरू कर दिया। किसान नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार के पास बातचीत के लिए पांच दिन का समय है। छह दिसंबर को तय कार्यक्रम के अनुसार किसान दिल्ली कूच करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि डल्लेवाल खनौरी बॉर्डर पर पहुंच गए हैं। इसलिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर के घेराव करने का फैसला टाल दिया गया। डल्लेवाल ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें खनौरी से ले जाकर अस्पताल में दाखिल कराया गया। अस्पताल में फोन रखने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर लिया।

## संभल में महौल शांत हैं, कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि यहां न आएं : कमिश्नर

एजेंसी



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने शनिवार को उप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय व विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में आज संभल आने वाले सांसदों व विधायकों के प्रतिनिधि मंडल के लिए अल्टीमेटम जारी करते हुए कहा कि संभल में महौल शांत हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे राजनैतिक पदाधिकारी और जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हमारी बात को समझें।

शनिवार को समाजवादी की ओर से जारी पत्र में बताया गया था कि संभल हिंसा और मृतकों के परिजनों से मिलने के लिए सपा के सांसदों व विधायकों और पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल विधानसभा और विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में संभल जाएगा।

इस प्रतिनिधि मंडल में माता प्रसाद पांडेय व लाल बिहारी के यादव के अलावा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक, कैराना सांसद इकरा हसन, संभल सांसद जियाउर्ररहमान बर्क, मुरादाबाााद सांसद रुचि वीरा, मुरादाबाद सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह, संभल जिलाध्यक्ष असगर अली, बरेली जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप शामिल है।

यह प्रतिनिधिमंडल संभल से जानकारी जुटाकर संभल से लेकर लखनऊ तक सरकार को घेरेगा। मुरादाबाद के कमिश्नर ने 24 नवम्बर को संभल हिंसा के बाद साफ कर दिया था कि कोई भी राजनैतिक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि संभल न आए क्योंकि संभल में महौल शांत बनाना हमारी प्राथमिकता है।

# वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन की वाहन पार्किंग में आग से 200 बाइक राख

एजेंसी



**वाराणसी।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन की वाहन पार्किंग में शुक्रवार देरात आग लग गई। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। आग की विकराल लपटों पर काबू पाने के लिए आधा दर्जन फायर बिग्रेड की गाड़ियां लगाई गईं। जब तक आग पर दमकल कर्मी काबू पाते वहां खड़ी 200 बाइक जल कर राख हो गईं। संयोग ही रहा कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

इस घटना में कई बाइकों की पेट्रोल की टंकी भी तेज धमाके के साथ फट गई। इससे घटनास्थल से लेकर स्टेशन परिसर में धुएं का गुबार भर गया। यह देख सकुर्लेटिंग एरिया और स्टेशन परिसर के पास अफरातफरी मच गई। सैकड़ों तमाशबीन भी पहुंच गए, जिन्हें रेलवे पुलिस ने सुरक्षा कारणों से हटाया।

कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास रेल कर्मियों के लिए वाहन पार्किंग है। बताया गया है कि शुक्रवार रात लगभग एक बजे पार्किंग में शार्ट सर्किट से आग लग गई। एक वाहन में लगी आग पर कर्मचारी जब तक काबू पाते तब तक दूसरी तरफ से गाड़ियों में आग लगनी शुरू हो गई। देखते ही देखते सभी वाहन धू-धू कर जलने लगे। आरपीएफ और जीआरपी के साथ रेलकर्मी बचाव में जुट गए थे। आग की लपटों को देख जीआरपी और आरपीएफ ने फायर बिग्रेड को सूचना देने के साथ किसी तरह 30 वाहनों को सुरक्षित निकाल लिया। तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया। कड़ी मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड ने भोर 3 बजे आग पर काबू पाया । राख हुई बाइकों की अनुमानित कीमत तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। घटना की जांच के लिए टीम बना दी गई है। कैंट जीआरपी प्रभारी के अनुसार शॉट सर्किट के कारण 200 मोटरसाइकिल जल गईं। जीआरपी वाराणसी कैंट मय टीम और फायर ब्रिगेड ने अथक प्रयास के बाद रेलवे टिकट घर, थाना जीआरपी, आरपीएफ बिल्डिंग व प्लेटफार्म नंबर-1 पर आग फैलने से बचा लिया।

## देर रात अज्ञात आरोपितों ने लगाई आठ वाहनों में आग

एजेंसी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना अंतर्गत बोरियाखुर्द के आरडीए कॉलोनी में आज शनिवार तड़के करीब 3 बजे एक ऑटो सहित 8 मोटरसाइकिलों में अज्ञात आरोपितों द्वारा बेखौफ तरीके से आग लगा दी गई है। आग लगने से सभी आठ वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। हादसे की सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी, जहां मौके पर पहुंचे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने वाहनों में लगी आग को बुझाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज शनिवार तड़के करीब 3 बजे 7 मोटरसाइकिल एवं एक ऑटो में किसी अज्ञात आरोपितों ने आग लगा दी गई है। आगजनी की सूचना अग्निशमन विभाग और पुलिस को दी। पुलिस और अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंची। किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। पूछताछ करने पर 4 मोटरसाइकिल डॉ. राजेन्द्र साहू, 3 मोटरसाइकिल संतोष सिन्हा और एक ऑटो रिजवान खान की है। पीड़ितों ने बताया कि किसी अज्ञात आरोपितों ने रात करीब 3 बजे 2 मोटर सायइकिल में आग लगा दी, आग धीरे -धीरे भीषण होते हुए आस-पास खड़े छह वाहनों में भी आग लग गई। जिसमें 6 वाहन पूरी तरह से राख हो गई है। आग इतनी भीषण थी कि किसी भी वाहन को आग से बचाने का मौका ही नहीं मिला। वहीं इस हादसे के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## चालक की पिटाई के आरोपित दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**हैलाकांदी, (असम)।** हैलाकांदी में एक गाड़ी चालक की पिटाई के आरोप में दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हैलाकांदी जिले के पंचग्राम थाना के प्रभारी पुलिस अधिकारी और एएसआई को सेवा से निलंबित किया गया है।

प्रभारी पुलिस अधिकारी कल्पज्योति बोरा और एएसआई दिलोवर हुसैन लश्कर को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। हैलाकांदी के पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दोनों को निलंबित किया गया है। हैलाकांदी पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो दलालों को इसी बीच गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले मोइनुल इस्लाम लश्कर नामक एक चालक को थाने बुलाकर रात में एएसआई दिलोवर हुसैन लश्कर ने उसकी पिटाई की थी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड करने को लेकर मोइनुल इस्लाम लश्कर को पंचग्राम पुलिस ने बुलाया और पीटा। मोइनुल इस्लाम लश्कर को 20,000 रुपये लेकर थाना से छोड़ा गया था। पीड़ित मोइनुल इस्लाम लश्कर ने पूरी घटना के संबंध में हैलाकांदी पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराई। आरोपों की जांच के बाद हैलाकांदी पुलिस ने दोनों को निलंबित कर दिया।

# सरकारी बस में राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार की जांच बंद, नहीं मिले सबूत

एजेंसी




**शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस में चल रहे कथित ऑडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ बातें बोले जाने के मामले में एचआरटीसी प्रबन्धन को कोई साक्ष्य नहीं मिला है। ऐसे में इस मामले की जांच को निरस्त कर दिया गया है और प्रबन्धन ने बस के चालक व परिचालक पर कार्रवाई करने से इंकार किया है। इस मामले ने तब तूल पकड़ा, जब एचआरटीसी प्रबन्धन ने एक अजीबोगरीब शिकायत मिलने पर चालक व परिचालक को नोटिस थमा दिया था।

मामले के अनुसार एचआरटीसी बस में सफर कर रहे एक यात्री के मोबाइल पर एक डिबेट चल रही थी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व अन्य नेताओं के खिलाफ बातें बोली जा रही थीं। बस में ही बैठे एक अन्य यात्री ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से कर दी। इसके बाद यह शिकायत सचिवालय और एचआरटीसी प्रबंधन तक पहुंची।

दिलचस्प बात यह है इस शिकायत को इतनी गम्भीरता से लिया गया कि एचआरटीसी प्रबन्धन ने इस पर जांच बिठा दी और एचआरटीसी शिमला लोकल डिपो ने बस के चालक टेक राज और परिचालक शेष राम से इस पूरी घटना का स्पष्टीकरण मांग लिया। प्रबंधन ने बस के चालक व परिचालक से तीन दिन के भीतर लिखित में जवाब देने को कहा। चालक व परिचालक से स्पष्टीकरण मिलने के बाद एचआरटीसी प्रबंधन ने इस पूरी जांच प्रक्रिया को निरस्त कर दिया और साफ किया कि सम्बंधित बस के चालक व परिचालक पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाएगी। एचआरटीसी प्रबन्धन ने बाकायदा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा ऑडियो को बस में चलाने के कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गए। ऐसे में स्पष्टीकरण को निरस्त कर दिया गया है। एचआरटीसी प्रबन्धन द्वारा बिठाई गई इस अनोखी जांच की खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे हाल ही में सामने आये समोसा प्रकरण की सीआईडी जांच से कर रहे हैं।

यह घटना बीते पांच नवंबर को शिमला से संजौली रूट पर चलने वाली एक एचआरटीसी बस में सामने आई। शिकायतकर्ता सैमुयल प्रकाश द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक सरकारी बस में तेज आवाज में एक ऑडियो चल रहा था, जिसमें संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भारत सरकार समेत कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक और दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित की जा रही थी।

सैमुयल प्रकाश की इस अनोखी शिकायत पर एचआरटीसी प्रबंधन ने जांच बिठाई औ? सम्बंधित बस के चालक व परिचालक को नोटिस जारी कर इस मामले में तीन दिन के भीतर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा। नोटिस में लिखा गया कि सार्वजनिक तौर पर सरकारी बस में इस तरह से किसी भी राजनेता के विरुद्ध ऐसी वार्ता का ऑडियो चलाना सही नहीं है और चालक व परिचालक का पहला कर्तव्य बनता था कि किसी भी तरह के आपत्तिजनक वीडियो को सरकारी वाहन में निषेध करें लेकिन आप दोनों यह करने में असमर्थ रहे।

नोटिस में साफ किया गया कि तीन दिन में जवाब नहीं देने पर चालक व परिचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### चालक-परिचालक ने आरोपों को किया खारिज

चालक और परिचालक ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया। उनका कहना है कि वे किसी भी प्रकार के राजनेताओं के खिलाफ ऐसी सामग्री प्रसारित करने में शामिल नहीं थे। उन्होंने दावा किया है कि वे बस में चलने वाले ऑडियो से अनजान थे और किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार में उनका हाथ नहीं है। इसके बाद एचआरटीसी प्रबन्धन की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति जारी हुई जिसमें कहा गया कि प्रारम्भिक जाँच में चालक और परिचालक द्वारा दिए गए जबाब में यह पाया गया कि इस तरह की घटना उनकी बस में नहीं हुई है औ? शिकायतकर्ता द्वारा ऐसा कोई भी साक्ष्य सलंग्न नहीं किया गया है जिसके आधार पर चालक व परिचालक के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में लाई जाये।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## मप्र के सांची में दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव आज से



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित प्रसिद्ध बौद्ध पर्यटन एवं यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची में आज से दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का आगाज होगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू शाम साढ़े छह बजे इसका शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में श्रीलंका, वियतनाम, थाईलैंड और जापान सहित कई देशों के बौद्ध धर्म के अनुयायी शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रिजिजू आज शाम 04.20 बजे भोपाल से प्रस्थान कर शाम 05.10 बजे रायसेन जिले के सांची स्थित गेटवे रिट्रीट पहुचेंगे। इसके बाद शाम साढ़े छह बजे बुद्ध जम्बूदीप पार्क में आयोजित सांची महाबोधि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। रिजिजू एक दिसंबर को प्रातः आठ बजे चेतियागिरी विहार साँची के 72वें वार्षिकोत्सव में शुभारंभ भगवान बुद्ध के शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों के पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद रिजिजू प्रातः 11 बजे सांची से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।रायसेन कलेक्टर अरबिंद दुबे ने बताया कि महाबोधि महोत्सव का यह 72वां साल है। यह पहला मौका है, जब सांची मेले का आयोजन नवंबर माह के आखिरी रविवार को नहीं हो रहा है। दरअसल, सांची महाबोधि महोत्सव का आयोजन हर साल नवंबर माह के आखिरी रविवार को होता है। यह परम्परा 1952 से लेकर अब तक चली आ रही थी, लेकिन इस बार मेले की शुरूआत शनिवार से होगी और मुख्य आयोजन एक दिसंबर को होगा।महाबोधि महोत्सव के दौरान भगवान गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्यों सारिपुत्र और महामोग्गलान के पवित्र अस्थि कलश को दर्शनों के लिए बाहर निकाला जाएगा। वहीं, एक दिसंबर को इन अस्थि कलशों की पूजा अर्चना के बाद बौद्ध भिक्षु इन्हें सिर पर रखकर सांची स्तूप की परिक्रमा करेंगे। महाबोधि महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 300 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

## नगर परिषद कार्यालय में स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन



**अररिया।** फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय परिसर में शनिवार को दैनिक सफाईकर्मियों ने पटना हाइकोर्ट के स्थायीकरण के आदेश के अनुपालन को लेकर प्रदर्शन किया। वर्ष 2016 में स्वीकृत बल के विरुद्ध आठ दर्जन से अधिक कर्मचारियों के स्थायीकरण के निर्णय के बावजूद स्थायीकरण नहीं करने पर पटना हाईकोर्ट द्वारा 18 जुलाई 2024 को ससमय स्थायीकरण का आदेश दिया गया।बावजूद इसके विभाग और अधिकारियों द्वारा पटना हाईकोर्ट के निर्णय का अनुपालन नहीं किए जाने को लेकर दैनिक सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए काम का बहिष्कार किया।जिससे शहर में सफाई का कार्य भी प्रभावित रहा।प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी अपने मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन कर रहे दैनिक सफाईकर्मियों को अन्य संगठनों का भी समर्थन रहा। मौके पर मौजूद बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के राज्य संगठन मंत्री सूरज कुमार सोनू ने कहा कि दैनिक सफाईकर्मियों के स्थायीकरण को लेकर पटना हाइकोर्ट में याचिका दायर किया था। पटना हाइकोर्ट ने दायर वाद संख्या 4330/2020 एवं 3000/2020 में 18 जुलाई 2024 को ससमय स्थायीकरण करने का फैसला सुनाया था।लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद विभाग और विभागीय अधिकारियों द्वारा अनुपालन नहीं कर कोर्ट का अवमानना किया जा रहा।जिसको लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। मौके पर प्रदर्शन करने वालों में भीम मरीक,बसंत मरीक,तारिक अनवर उर्फ पप्पू,मुर्शीद अंसारी,हरिकांत झा, लक्ष्मी मरीक,कन्हैया मरीक,उपेंद्र मरीक,संजय मरीक,संजय सैला,शिवनारायण दास, महेश राम,विक्की मरीक,संतोष मरीक,मनोज मरीक,प्रमोद मरीक,शत्रुघ्न सिंह,राजेश यादव,श्रवण साह,दिलीप राय,बिहार लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडरेशन के राज्य संगठन मंत्री सूरज कुमार सोनू,नीलम देवी,हेमा देवी,निर्मला देवी,पुतुल देवी,राधा देवी,पिंकी देवी,मंजू देवी,बबली देवी,पूनम देवी,पूजा देवी,उमा देवी,गीता देवी,सीमा देवी,पुतुल देवी,तुलसी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## कोलकाता का जेएन राय अस्पताल बांग्लादेशी मरीजों का इलाज नहीं करेगा

**कोलकाता ।** कोलकाता के मणिकतला क्षेत्र स्थित जेएन राय अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज न करने का फैसला किया है। यह निर्णय बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और भारतीय ध्वज के अपमान के विरोध में लिया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने शनिवार को यह जानकारी दी।सुभ्रांशु भक्त ने बताया, ३हमने एक नोटिफिकेशन जारी किया है कि आज से अनिश्चितकाल के लिए बांग्लादेशी मरीजों को इलाज के लिए भर्ती नहीं किया जाएगा। यह फैसला भारत के तिरंगे का अपमान और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में लिया गया है।३उन्होंने अन्य अस्पतालों से भी इस कदम का समर्थन करने की अपील की। भक्त ने कहा, ३बांग्लादेश की आजादी में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन अब वहां से भारत विरोधी भावना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है। इसे देखते हुए हमने यह निर्णय लिया है।३उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में पिछले कुछ वर्षों से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार हालात को नहीं संभाल पा रही और वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं के घरों, दुकानों, मंदिरों में लगातार हमले हो रहे हैं। 200 से अधिक हमले की घटनाएं हुई हैं, जिनमें कई लोगों की हत्या के दावे किए जा रहे हैं। भारत में इस घटनाक्रम को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। अस्पताल के इस निर्णय को विरोध का एक अहम कदम माना जा रहा है।

## घाघरा सरयू नदी के संजय सेतु पर ट्रक-बस में टक्कर,कई घायल



**बाराबंकी।** थाना क्षेत्र रामनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ बहराइच के सरयू नदी के संजय सेतु पर रोडवेज बस और ट्रक की आमने–सामने टक्कर हो गई। शुक्रवार देर रात्रि जनपद में हुए हादसे में ट्रक और बस के परखच्चे उड़ गए। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई किलोमीटर का लंबा–लंबा जाम लग गया। यह जाम संजय सेतु पुल से लेकर गणेशपुर हरीनारायणपुर मोड के शुक्ला ढाबा तक लंबा करीब तीन घंटे तक लगा रहा। सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस ने क्रेन बुलवाकर राजमार्ग के बीच से ट्रक और बस को हटवाया। पुलिस भारी जाम को हटाने में काफी देर तक मशक्कत करती रही, जिससे धीरे–धीरे जाम पर काबू पाया गया। यह करीब तीन घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग बाराबंकी पर लगा रहा। पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर दो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर इलाज के लिए भेज दिया, जिनका इलाज चल रहा है। बाराबंकी जिले के रामनगर व बहराइच के जरवल थाने की पुलिस जाम में फंसी गाड़ियों को हटवा रही है। थाना प्रभारी रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक और बस की टक्कर से बाराबंकी के संजय सेतु पुल पर सड़क हादसा होने से तीन घंटे का जाम लग गया। हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए हैं, जिनको इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

## कला शिक्षक अजय अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने ओडिशा रवाना

**बोकारो :** रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज, महुदा के कला शिक्षक अजय शंकर महतो अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में भाग लेने शुक्रवार को ओडिशा के लिए रवाना हुए. वहां चंद्रभागा, पुरी में एक से पांच दिसंबर तक आयोजित सैंड आर्ट फिस्टिवल में वह अपनी कला का जौहर दिखाएंगे. आर्ट फेस्टिवल में देश-विदेश के नामी सैंड आर्टिस्ट भाग लेंगे. अजय शंकर महतो बोकारो जिले के चंदनकियारी के सुईयाडीह गांव के मूल निवासी हैं. शुक्रवार को वह अपनी पत्नी उषा देवी व बच्चों के साथ बोकारो रेलवे स्टेशन से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन से ओडिशा के लिए रवाना हुए. उन्हें झारखंड का पहला सैंड आर्टिस्ट होने का गौरव प्राप्त है.

अजय शंकर महतो पिछले डेढ़ दशक से दामोदर नदी तट पर झारखंड की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, सामाजिक मुद्दों तथा झारखंड व देश के महापुरुषों के त्याग व बलिदान की गाथा रेत पर उकेर कर समाज को संदेश देने का काम कर रहे हैं. इसी को देखते हुए उनका चयन विश्व स्तरीय सैंड आर्ट फेस्टिवल के लिए हुआ है. अजय कुमार ने बताया कि अपने चयन से वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. इस फेस्टिवल में वह चंदनकियारी सहित झारखंड व अपने देश का नाम रोशन करेंगे.

## चक्रधरपुर गुदडी बाजार में अतिक्रमण का दौर जारी

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर गुदडी बाजार में अतिक्रमण का दौर जारी है, इसी कड़ी में चक्रधरपुर गुदरी बाजार अवस्थित चैनागली का भी अतिक्रमण कर दिया गया है, चैनागली के बगल में अवस्थित जमीन मालिक के द्वारा नगर परिषद की जमीन का अतिक्रमण कर दिया गया है,जो लाखों की जमीन है, जिसकी सूचना नगर परिषद के पदाधिकारी को संज्ञान लेने हेतु कई बार कही गई परंतु उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई, जिसकी मुक्ति के लिए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे ने उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम को पत्र लिख इस पर संज्ञान लेने की मांग की है, श्री पांडे ने पत्र प्रेषित कर उपयुक्त पश्चिम सिंहभूम से मांग की है कि नगर परिषद की लाखों की जमीन जो गुदरी बाजार चक्रधरपुर में चैनागली के नाम से अवस्थित है उसे आतीक्रमण कर घेर दिया गया है, इस पर तत्काल संज्ञान लेने की कृपा करें, ताकि उक्त नगर परिषद चक्रधरपुर के लाखों की जमीन को अतिक्रमण होने से बचाया जा सके इस पत्र की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को भी दी गई है

## बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में पेश किए मॉडल

**धनबाद :** कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत स्थित न्यू पॉपुलर एकेडमी में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई. विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 10वीं तक के बच्चों ने भाग लिया. बच्चों ने विज्ञान से संबंधित एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार कर उसका प्रदर्शन किया. मुख्य अतिथि सह निर्णायक की भूमिका में प्रो. दीपक सिंह थे. मौके पर मुखिया अनामिका देवी, विश्वनाथ दास, संजीव मजूमदार, दोयल घोष, मेघनाथ सिंह, प्रिंसिपल अशोक कुमार, देव नारायण साव, रवि कुमार, प्रभाकर कुमार, झिलीक मुखर्जी, श्रुति कुमारी, निकिता शर्मा, अंशु कुमारी, आरती कुमारी, कदम कुमारी, जोया खान, पूजा कुमारी, सोमा कुमारी सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद थे.

## राजपुरा कोलियरी औषधालय में प्राथमिक उपचार पर दिया गया प्रशिक्षण

धनबाद : ईसीएल के राजपुरा कोलियरी औषधालय परिसर में शुक्रवार को प्राथमिक उपचार पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ. सुरक्षा पदाधिकारी सुखबाल सिंह के नृतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में मुगमा एरिया के रेस्क्यू इंचार्ज केके नोनिया विशेष रूप से उपस्थित थे. उन्होंने आपात स्थिति में फर्स्ट एड कैसे करें इसकी जानकारी दी. साथ ही इसका मॉक ड्रिल भी किया गया. इसमें यह बताया गया कि कैसे सजग रहकर फर्स्ट एड के माध्यम से लोगों की जान बचा सकते हैं.

## जिले में पल्स पोलियो अभियान 8 से, डीसी ने दिए निर्देश

**बोकारो :** बोकारो जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसंबर से शुरू होगा. अभियान को सफल बनाने को लेकर डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य पूरा करने को कहा. डीपीएम दीपक कुमार ने अभियान को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी. जिले में कुल 2005 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां पहले दिन बच्चों को दवा पिलाई जाएगी. जबकि छूटे हुए बच्चों को 9 व 10 दिसंबर को डोर टू डोर जाकर खुराक पिलाई जाएगी. डीसी ने कहा कि सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र में अभियान की मानिटरिंग व इसे सफल बनाने के लिए जिले के वरीय पदाधिकारियों को टैग किया जाएगा. आम जनों को अभियान की तिथि व बूथ की जानकारी देने के लिए जिले के महत्वपूर्ण चौकझचौराहों पर माइकिंग व पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रचारझप्रसार करने को कहा.

अभियान के तहत जिले के करीब 353551 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. बैठक में सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, नोडल पदाधिकारी एनपी सिंह, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अरविंद कुमार, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे.

## धनबाद आईआईटी के बूट कैंप में शामिल हुए बोकारो के कई स्कूलों के शिक्षक

**बोकारो :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आईआईटी-आईएसएम धनबाद में झारखंड के 120 चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के लिए दो दिवसीय बूट कैंप शुक्रवार को शुरू हुआ। कैंप में बोकारो जिले के कई पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालयों के शिक्षक भाग ले रहे हैं। बूट कैंप के पहले दिन आईआईटी-आईएसएम के रसायनशास्त्र विभाग की प्रोफेसर मधुलिका गुप्ता व अन्य शिक्षकों ने बोकारो जिले के स्कूलों से आए शिक्षकों व आईआईटी के शोध छात्रों को प्रशिक्षण दिया। कैंप में एसएएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के शिक्षक डॉ अवनीश कुमार झा, श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तुपकाडीह के प्रदीप कुमार, नव उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय महुआटांड़ के देव कुमार यादव, क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद के मनोज कुमार दत्ता, पंचानन राजबाला प्लस टू उच्च विद्यालय सतनपुर के सेवादास हेम्ब्रम, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय पिण्ड्राजोरा के महेश्वर महतो, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर चार की पूनम कुमारी व सुधा श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षक भाग ले रहे हैं।

## गावां बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में बीडीओ महेंद्र रविदास ने शुक्रवार को विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सर्व प्रथम विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारी व कर्मचारी के प्रति आभार जताया। फिर, प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में संचालित 15वें वित्त आयोग की योजनाओं, मनरेगा, आवास, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा से संबंधित योजनाओं का कार्य सुनिश्चित कराने व उसे पोर्टल पर अपलोड कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार को भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने किया सम्मानित





ज्योति पाठक

अधिकारी की पदस्थापना और तबादला सरकारी सेवा मे सामान्य बात है किन्तु कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो अपनी बेहतर कार्यों से जनमानस के बीच बेहतर और सशक्त पहचान बनाने के कारण जब भी उनका आगमन अन्य स्थल से पुराने स्थान पर होता है तो लोग उनके स्वागत हेतु आतुर रहते हैं। जी हाँ हम बात कर रहे हैं चक्रधरपुर एवं सदर थाना चाईबासा के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार की। श्री कुमार का आगमन आज कुछ समय के लिए चक्रधरपुर रहा इस दौरान भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने उन्हें सम्मानित किया और पुरानी यादों बातों तथा उपलब्धि भरे कार्यों को साझा भी किया। इस अवसर पर वर्तमान समय में गढ़वा जिला के रंका थाना में अंचल पुलिस निरीक्षक सह रंका थानाप्रभारी के रूप में पदस्थापित प्रवीण कुमार ने कहा कि उन्होंने भी चक्रधरपुर और चाईबासा के लोगों को हृदय में बसा रखा है। उनके साथ बिताये गये समय और पल हमेशा उन्हें बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहित करती है। यह लोगों का स्नेह और अपनापन ही है कि उन्हें यहां खींच लाया है। गौरतलब हो कि श्री कुमार चक्रधरपुर और चाईबासा में अपने बेहतर कार्यों और उपलब्धि के फलस्वरूप अपनी आज भी इस जिला में सशक्त पहचान रखते हैं जो उनके बेहतर कार्यप्रणाली का सूचक है।

## जामताड़ा में 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार कस्टमर केयर ऐजेंट बनकर करते थे ठगी

**जामताड़ा:** साइबर थाना पुलिस ने साइबर के गढ़ कमार्टांड़ के विभिन्न साइबर अड्डों में छापेमारी अभियान चलाया, जहां से कुल 6 साइबर अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा। अपराधियों के पास से कई मोबाइल और फर्जी सिम बरामद हुए हैं।

कमार्टांड़ में साइबर अपराध करते हुए रंगे हाथों 6 साइबर अपराधी पकड़े गए। साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर साइबर थाना की पुलिस ने कमार्टांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न साइबर अड्डों पर टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया। इसी अभियान के तहत यह सफलता मिली। साइबर अपराधी अपने अड्डे पर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने छापेमारी करते हुए अपराधियों को दबोच लिया।

पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से काफी संख्या में मोबाइल, फर्जी सिम, एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस ने करीब 18 मोबाइल, 16 फर्जी सिम और एक आधार कार्ड बरामद किया है। मोबाइल और सिम से पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि साइबर अपराधियों द्वारा कितने लोगों से ठगी कर साइबर अपराध को अंजाम दिया गया है।

जामताड़ा एसडीपीओ ने पकड़े गए साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी को लेकर सूचना मिली थी कि कमार्टांड़ थाना क्षेत्र के साइबर अपराधियों द्वारा साइबर अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। जिसकी सूचना पर टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस छापेमारी में यहां से 6 साइबर अपराधियों को पकड़ा गया।

एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए सब अपराधी बिजली बिल जमा नहीं करने और बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर, बिजली विभाग अधिकारी बनकर कस्टमर का मैसेज भेजते थे।

# जनसेवक इरनुस टोप्पो की निर्मम हत्या से शोक में डूबा बेड़ो प्रखंड

मेट्रो रेज संवाददाता

**मांडर/बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के डोरंडा और करकरी पंचायत में कार्यरत जनसेवक इरनुस टोप्पो की शुक्रवार की सुबह अज्ञात अपराधियों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह घटना उस समय हुई जब इरनुस टोप्पो मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा स्थित अपने घर से कुछ दूर स्थित खेत में गाय को बांधकर लौट रहे थे। खटंगा सरवा सड़क पर पुल के पास उन्हें घात लगाकर हमला किया गया।

गंभीर रूप से घायल इरनुस टोप्पो को परिजन तत्काल मांडर रेफरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से बेड़ो प्रखंड में शोक की लहर फैल गई है।

इरनुस टोप्पो की मौत की खबर मिलते ही प्रखंड कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यालय को एक दिन के लिए बंद कर दिया गया। टोप्पो के सहकर्मियों ने उन्हें एक ईमानदार और समर्पित व्यक्ति बताया।

शोक सभा में अंचल निरीक्षक फिरोज खान, बीपीओ संजय तिर्की, सुरेन्द्र महतो, संजीव दूबे, राकेश मुंडा, बोनिफास तिर्की और रूदन देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।



पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस निर्मम हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोग और कर्मचारी न्याय की मांग कर रहे हैं।

बेड़ो प्रखंड के लोगों ने इसे बड़ी क्षति बताया है। टोप्पो के सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के चलते उन्हें काफी सम्मान मिलता था। उनके सहकर्मी और स्थानीय लोग उनकी हत्या से स्तब्ध हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**लोहरदगा।** लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर) के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिला अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय, प्रखंड/ जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपरोक्त विषय पर आज दिनाक 30.11.2024 को महिलाओं के खिलाफ हिंसा का उन्मूलन के लिए कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया।कार्यशाला में शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, डालसा, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी/ कर्मी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/ सदस्य, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

कार्यशाला में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पीड़िता अगर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें तो इसकी मदद से कई सारी समस्याओं से बचा जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना चाहिए। किसी महिला को किसी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है तो हेल्पलाइन की मदद से उसे सहायता मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम इसका प्रचारित किया जाना चाहिए। सभी कार्यक्रमों की डॉक्युमेंटेशन की जानी चाहिए। लोगों के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिंसा उन्मूलन के लिए कार्यक्रम करें और उन्हें जोडें।



उनका फीडबैक लें।

आज के कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी प्रतिभागी दिनाक 02.12.2024 से 09.12.2024 तक जिले के सभी प्रखंडों एवं सभी उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र का आयोजन करेंगे जिसके लिए अलग से दिशा निर्देश जारी किए गये है।

कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ रेशमा कुमारी एवं अधिवक्ता प्रियंवदा कुमारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए कुछ विशेष अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जो इस प्रकार हैः-

कार्यस्थल पर पोक्सो एक्ट, बाल विवाह एक्ट, महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 उद्देश्य- इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीडन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की शिकायत रलए-इड ढङ्ग१३' पर डल्ल’ल्ली शिकायत की जा सकती है इस पोर्टल को लॉन्च करने के पीछे सरकार का उद्देश्य सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में यौन उत्पीडन की शिकायत की रिपोर्टिंग और उन कर तत्काल एक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ करना है ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। बच्चों को अश्लील उद्देश्यों/पोर्नोग्राफी के लिए इस्तेमाल करने पर धारा 13 में 5 साल की कैद और धारा 14(1) में बाद में अपराध करने पर 7 साल की कैद और जुमार्ना का प्रावधान है।

घरेलु हिंसा से सुरक्षा अधिनियम, 2005- किसी पुरुष या उस के रिश्तेदार द्वारा महिला, जो की उसके रिश्ते में थी या है को शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक या आर्थिक नुकसान या चोट पहुचाना या पहुचाने की चेष्टा करना घरेलु हिंसा के अंतर्गत आता है।

घरेलु हिंसा के शिकायत नजदीकी थाने, बाल विकास परियोजना कार्यालय, सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र में की जा सकती है।

आज के कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा चंद्र मौलेश्वर, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी महिला पर्यवेक्षिका, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी/कर्मी, शिक्षा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य आदि उपस्थित थे।

# स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के छात्रों का संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चान्हो।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, सोस के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के निदेशक संजीत कुमार साहू और शिक्षक प्रवीण सिंह राणा सहित अन्य शिक्षकों ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। संजीत कुमार साहू ने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं, बल्कि बच्चों में भारतीय



संस्कृति और मूल्यों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाती हैं। शिक्षक प्रवीण सिंह राणा ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

# बच्चों के समुचित देखभाल के साथ-साथ उनके खान-पान पर भी अविभावक विशेष ध्यान दें : अनुमण्डल चिकित्सा प्रभारी






ज्योति पाठक

शिक्षा, अनुशासन एवं बेहतर माहौल के लिए पहचाने जाने वाला शैक्षणिक संस्था किड्स जॉन में आज बच्चों और अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य पर परिचर्चा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए कारगर महत्वपूर्ण सुझाव कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चक्रधरपुर अनुमण्डल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ0 अंशुमन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हमें जागरूक रहने के साथ-साथ हमें उनकी समुचित देखभाल भी करनी चाहिए। वर्तमान समय में केवल स्वाद के लिए बच्चों को चिप्स, कुरकुरे, मेगी, पास्ता और चाउमीन बच्चों को खाने में पसन्द हैं या यूँ कहें कि माता-पिता भी समय अभाव के फलस्वरूप ऐसे खाने उन्हें देते हैं जो कदापि स्वास्थ्य के लिए बेहतर नहीं है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हमें पोस्टिक आहार देनी चाहिए जिससे कि वे समुचित रूप से उम्र के अनुरूप विकास के मार्ग पर चलें और उन्हें जानकारी भी हो जिससे कि बच्चो का स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। इस अवसर पर डॉ0 अंशुमन शर्मा ने कई बच्चों का स्वास्थ्य जाँच भी किया और अभिभावक से बच्चों को बेहतर खान-पान पर ध्यान देने को भी कहा। इस अवसर पर चक्रधरपुर प्रखण्ड के महामारी विशेषज्ञ निरंजन कुमार ने भी अभिभावक को बच्चों के समुचित देखभाल और खान-पान पर विशेष ध्यान देने को कहा जिससे कि बच्चे स्वस्थ और मस्त रहें। उन्हें बेहतर जीवन शैली की आदत हो क्योंकि वर्तमान समय में बच्चे कुछ भी खा लेते हैं और उसका स्वस्थ पर विपरीत असर पड़ता है। इस अवसर पर किड्स जॉन के प्रबंध निदेशक असद अनीस ने भी कहा कि यह काफी गौरव की बात है कि विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमण्डल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 अंशुमन शर्मा उपस्थित होकर बच्चों की सूधि लेते हुए उन्हें कारगर जानकारी दी और अभिभावक को भी बच्चों के बीच संतुलित आहार देने को कहा। इस अवसर पर काफी संख्या में बच्चे और अभिभावकगण उपस्थित थें।